**खबर संक्षेप**



## बैंक कर्मचारियों की मनमानी से लोगों को हो रही परेशानी

**सिलौंडी।** सिलौंडी के सेंट्रल बैंक में इस समय कर्मचारियों की मनमानी से लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। लोगों का कहना है कि कैश काउंटर निर्धारित समय 10 बजे नही खुलता है। एक घंटे बाद लगभग 11 बजे कैश काउंटर खुलता है जिसके कारण लोगों को दिक्कत हो रही है । पिछले तीन चार दिनों से निकासी पर्ची भी नही मिलने के कारण परेशान हो रही है । प्रशांत राय, सुग्रवीन वंशकार ,गोलू जैन के बताया कि सेंट्रल बैंक में अधिकांश समय कैश ना होने की समस्या बनी रहती है । सिर्फ दो कर्मचारी समय पर आते है अभी कर्मचारी अप डाउन करने के कारण लगभग 10.30 बजे आते है । बैक मैनेजर सर स्वयं 10.30 बजे आते है लोगों घंटो गर्मी में परेशान होते है । बैक में पानी पीने की भी व्यवस्था नहीं है लगभग 30 गावों के लोगो के खाते सिलौंडी सेंट्रल बैंक में है। कैश काउंटर रोज ही लगभग 10.50 से 11 बजे के बीच खुलता है ।

## चाकू लेकर घूमत तीन बदमाशों को पकड़ा

**कटनी।** चाकू लेकर घूम रहे तीन बदमाशों को कोतवाली पुलिस ने अलग अलग स्थानों से गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार मनोरंजन गृह रेल्वे लाल ग्राउण्ड के पास दबिश देकर प्रशांत बेन निवासी सोनी का बगीचा गायत्री नगर के पास से चाकू बरामद किया है। इसी प्रकार गायत्री नगर पुलिया के पास पम्प हाउस रोड में अमित बर्मन उर्फ एडी पिता राजाराम निवासी प्रेम नगर पानी की टंकी के पास से चाकू बरामद किया है। थाना क्षेत्र अंतर्गत ही बैलट घाट रोड सरकारी आवास के पीछे से उदित निषाद निवासी वेंकट वार्ड खिरहनी फाटक के पास से भी बका बरामद किया है। इनके खिलाफ पुलिस ने 25 आर्म्स एक्ट के तहत कार्रवाई की है।

## महिला कर्मचारी के निधन पर दी गई श्रद्धांजलि

**कटनी।** नगर पालिक निगम कटनी कार्यालय में पदस्थ महिला कर्मचारी श्रीमती कुसुम सौंधिया के आकस्मिक निधन पर सोमवार शाम निगम कार्यालय में शोक सभा आयोजित कर दो मिनट का मौन रखा जाकर श्रद्धांजलि दी गई। इस दौरान निगम परिवार द्वारा दुख व्यक्त किया जाकर परमपिता परमेश्वर से दिवंगत पुण्यात्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान देने तथा उनके परिवार पर आये इस गहन दुःख को सहन करने की शक्ति प्रदान करने की प्रार्थना की गई। शोकसभा के दौरान महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी, निगमाध्यक्ष मनीष पाठक, निगमायुक्त नीलेश दुबे, पार्षद ओमप्रकाश बल्ली सोनी, विनोद लाला यादव भटटू आदि की उपस्थिति रही।

### सब कुछ जानने के बाद भी आबकारी और पुलिस महकमा नहीं कर पा रहा कार्यवाही

# मनमाने दामों और अवैध रूप से गांव गांव पैकारियों में खपाई जा रही शराब

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

जिले भर में पैकारियों के माध्यम से शराब की अवैध बिक्री बेरोकटोक हो रही वहीं अधिक कीमत भी वसूली जा रही है। हैरानी इस बात की है कि सब कुछ जानने के बाद भी न तो आबकारी अमला कुछ कर रहा है और न ही पुलिस। शिकायतों को भी दरकिनार किया जा रहा है। दूसरी ओर शराब की अवैध बिकी का विरोध करने वालों को भी धमकाया जा रहा है। शराब के अवैध कारोबार को बंद कराने के लिए स्थानीय स्तर के अधिकारियों से लेकर जनप्रतिनिधियों तक से शिकायत की जा चुकी है बावजूद इसके सब कुछ धड़ल्ले से चल रहा है। राजनीतिक पकड़ और पुलिस से सांठगांठ कर माफियाओं द्वारा शराब की अवैध बिक्री से चांदी काटी जा रही हे। दिखावे के लिए छुट पुट कार्यवाही कर पुलिस वाहवाही लूट रही है जबकि शराब की अवैध बिक्री और पियक्कड़ो की बढ़ती फौज से गांव गांव माहौल अराजक हो चला है।

दरअसल शराब दुकानों के अपने नियम कायदे है। तय अनुबंध के तहत देशी या



अंग्रेजी दुकानों से शराब केवल अनुमति वाले अड्डे से बेंची जा सकती है लेकिन अधिक मुनाफे के लिये शराब ठेकेदारों ने अपना ही संविधान लागू कर रखा है। हर गांव में चल रही पैकारी के लिये बकायदे एजेंट नियुक्त है। यहां शासन का कानून नही बल्कि ठेकेदार और उनके लठैत, गुर्गो का हुक्म चलता है जिससे कोई विरोध भी नहीं कर पाता। जिले के दूर-दराज के गांव में भी आसानी से शराब उपलब्ध हो रही है।

### पियक्कड़ों की बढ़ रहा तादाद

शराब की अवैध बिक्री से जेबें तो अफसर और ठेकेदारों की भर रही है लेकिन शहर से गांव तक नित दिन पियक्कड़ों की बढ़ती फौज से लोगों की घर-गृहस्थी तबाह हो रही है। शराब की अवैध बिक्री पर अंकुश लगाने में कोई भी सक्षम नहीं साबित हो पा रहा है। हालात दिनों दिन ज्यादा बदतर होते जा रहे हैं। गांव-गांव संचालित पैकारियों से कमीशन भी फिक्स किया गया है।

### नशेड़ियों से बढ़ रहा क्राइम

नशे के आदी हो चुके युवा अपनी लत को पूरा करने के लिए अपराध करने से भी नहीं हिचकते। चोरी, लूट, डकैती सहित अन्य अपराधों के पीछे काफी हद तक नशा ही कारण साबित हो रहा है। नशे की लत को पूरी करने नशेड़ी अपराध के जाल में फंस जाता है। नशे से नशेड़ी की जिंदगी तो बर्बाद होती ही है, परिवार भी कंगाली की कगार पर पहुंच जाता है। शराब सहित गांजा, स्मैक व अन्य तरह के नशे के कारोबार को खत्म करने कानून का पालन सख्ती से करना होगा तभी अवैध कारोबार करने वालों पर लगाम लग सकेगी और माफियाओ में कानून का डर भी बना रहेगा।

शराब की अवैध बिक्री इस कदर हो रही है कि जिले के दूरस्थ ग्रामीण क्षेत्रों में जहां योजनाएं एवं सुविधाएं भी बमुश्किल पहुंचती हैं वहां भी आसानी से अवैध शराब उपलब्ध हो रही है। मजदूर वर्ग बल्कि युवा वर्ग तेजी से नशे की गिरफ्त में आ रहा है।

## आत्महत्या के लिए प्रेरित करने वाले 3 आरोपितों को भेजा जेल

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

ट्रक चालक को आत्महत्या के लिए मजबूर करने वाले आरोपियों को कुठला पुलिस द्वारा गिरफ्तार कर लिया है। कार्यवाही के बाद न्यायालय में पेश किया गया जहां से जेल भेज दिया गया। पुलिस के अनुसार 30 मई को पुरैनी स्थित अविनाश रोड कैरियर ट्रांसपोर्ट के बाथरूम में राजेश दुबे पिता रामसनेही दुबे 42 वर्ष निवासी ग्राम पडरी जमोडी जिला सीधी के फाँसी लगाने की सूचना मिलने पर तत्काल मौके पर पुलिस पहुँची और घटना स्थल को सील करते हुए मर्ग पंजीबद्ध कर जाँच की गई। मृतक के परिजनों को सूचित किया गया उनके आने पर शव का पंचनामा एवं पीएम कार्यवाही 3 डॉक्टरों की टीम द्वारा कार्यपालिक मजिस्ट्रेट की उपस्थिति में वीडियोग्राफी के साथ पीएम कराया गया।

डॉक्टर्स द्वारा मृतक की मृत्यु फाँसी लगाने से हुये श्वासावरोध के कारण होना अभिमत में दिया गया । मर्ग जाँच पर पाया गया कि मृतक राजेश दुबे अविनाश रोड कैरियर ट्रांसपोर्ट पुरैनी के यहाँ ड्राईवर था । अविनाश रोड कैरियर ट्रांसपोर्ट पुरैनी के प्रोपराईटर सतीश चंद्र रावत एवं उनके कर्मचारी मनीष शिवहरे, शिवम विश्वकर्मा द्वारा 9.5 टन लोहे की सरिया की बिक्री / चोरी का आरोप लगाते हुये मृतक से चोरी की हुई सरिया बिक्री की रकम वापस करने का लगातार दबाब बनाकर मानसिक रूप से प्रताडित किया गया जिसके कारण मजबूरन मृतक राजेश द्विवेदी ने आत्मघाती कदम उठाते हुये दिनांक 30/05/2025 को दिन में करीब 3 बजे अविनाश रोड कैरियर ट्रांसपोर्ट पुरैनी के कार्यालय के अंदर बने शौचालय में बेंटीलेशन की राड में गमछा से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली।

जांच में सतीश चंद्र रावत, मनीष शिवहरे, शिवम विश्वकर्मा के द्वारा मृतक राजेश दुबे को आत्महत्या के लिए मजबूर करने पर आरोपियों के विरुद्ध सुसंगत धाराओं में अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना की गई जिसके पश्चात मामले के आरोपित सतीश चंद्र रावत पिता हीरालाल राव 53 वर्ष निवासी गली नम्बर 3 पन्ना मोड साई मन्दिर, मनीष शिवहरे पिता संतोष शिवहरे 25 वर्ष निवासी कुठिलगवा थाना अमदरा जिला मैहर और शिवम विश्वकर्मा पिता रामसुजान विश्वकर्मा 20 वर्ष निवासी सलैया थाना बड़वारा को दिनांक 01/06/2025 को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की गई तथा न्यायालय पेश करने पर जेल भेज दिया गया है।

### तय समय में कार्य पूर्ण नहीं करने वाले कर्मियों का कटेगा वेतन

## कार्य में लापरवाही बरतने पर दो अधिकारियों को शोकाज नोटिस जारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

समग्र पोर्टल में नागरिकों के समग्र आईडी का आधार के साथ शत-प्रतिशत ई-केवाईसी पूर्ण करने के उद्देश्य से चलाये जा रहे विशेष ई-केवाईसी अभियान की समीक्षा सोमवार को निगमायुक्त नीलेश दुबे ने की। निगमायुक्त नें शासन की योजनाओं का लाभ प्रत्येक पात्र नागरिक को प्राप्त हो सके इस हेतु ई-केवाईसी के शेष कार्य को सर्वोच्च प्राथमिकता के साथ पूर्ण कराने के निर्देश अधिकारियों को दिये।

निगमायुक्त नें अधिकारियों को दो टूक हिदायत देते हुए कहा कि इस कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाशत नहीं की जायेगी।



आयुक्त दुबे ने केवाईसी कार्य में संतुष्टिजनक प्रगति न होने पर नोडल अधिकारी सागर नायक, रविशंकर पांडेय को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश देते हुए इस कार्य में संलग्न टीम को समयसीमा में निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप कार्य नहीं किये जाने पर अवैतनिक किए जाने के निर्देश दिए। साथ ही बैठक में उपस्थित न होने वाले कर्मचारियों को 15 दिन का वेतन काटने के निर्देश भी निगमायुक्त नें बैठक के दौरान दिए।

निगमायुक्त ने अब तक वार्डवार कराए जा चुके कुल कार्य की समीक्षा टीम वार करते हुए इस कार्य में कम प्रगति पाए जाने पर संबंधित कर्मचारियों को सख्त हिदायत देते हुए प्रतिदिन का 50 ई केवाईसी का लक्ष्य निर्धारित कर आगामी कार्यवाही करने के निर्देश दिए। आयुक्त ने कहा कि वार्डो में भ्रमण करते हुए अधिक से अधिक लोगों से संपर्क कर ई-केवाईसी प्रक्रिया में समग्र आई.डी व आधार की जानकारी को सावधानी पूर्वक मिलान करते हुए सत्यापित करें। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि समग्र पोर्टल में नागरिकों के समग्र आईडी का आधार के साथ शत-प्रतिशत ई-केवायसी पूर्ण करने का अभियान स्वरूप संपादित करें। श्री दुबे ने ई-के.वाय.सी कार्य से वंचित नागरिकों से अपील करते हुए कहा कि 30 जून तक की समयावधि के अंदर नागरिक अपनी समग्र ई-के.वाय.सी का कार्य अनिवार्य रूप से करा लेवें। ताकि हितग्राहियों को बिना किसी व्यवधान के शासकीय योजनाओं का लाभ मिलता रहे। आपने बताया कि ई-केवाईसी की प्रक्रिया नागरिकों के लिए निःशुल्क है।

## मुक्तिधाम परिसर में भागवत कथा कल से

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

मुक्तिधाम परिसर में श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन कल 4 जून से किया जा रहा है। कथा के पहले 4 जून को सिद्धपीठ दक्षिणमुखी बड़े हनुमानजी मंदिर से गाजे बाजे के साथ भव्य कलश यात्रा निकाली गई। जो कि शहर के मुख्य मार्ग से होती हुई कथा स्थल पहुंचेंगी इस दौरान कलश यात्रा का जगह-जगह पुष्प वर्षा कर स्वागत किया जाएगा। कलश यात्रा में सबसे आगे अपने सर पर कलश लेकर महिलाएं चलेगी। रथ पर कथा वाचक पंडित कथा व्यास भगवताचार्य इंद्रभान शास्त्री महाराज सवार होंगे।

कथा का आयोजन मुक्ति धाम परिसर मे श्री श्री 1008 सिद्धपीठ श्री दक्षिणमुखी बड़े हनुमानजी मंदिर के तत्वाधान मे पहलगाम हमले मे शहीद हुए लोगों की आत्मा की शांति के लिए कराया जा रहा है। धार्मिक नगरी में यह आयोजन 4 से 14 जून तक चलेगा। यह धार्मिक उत्सव स्वयं को जानने और मन के सारे संतापों को दूर करने का एक सुअवसर है।

बुधवार 04 जून 2025 श्रीमद् भागवत शोभायात्रा महात्म,गुरूवार 05 जून 2025 श्री शुक्र परीक्षित जन्म,शुक्रवार 06 जून 2025 महाभारत भीष्मापदेश,शनिवार 07 जून 2025 कपिल देवहूति प्रसंग सती चरित्र,रविवार 08 जून 2025 ध्रुव चरित्र भरत चरित्र,सोमवार 09 जून 2025 गजग्राह की कथा वामन अजमिल कथा,मंगलवार 10 जून 2025 प्रहलाद चरित्र राम चरित्र कृष्णजन्मोत्सव ,बुधवार 11 जून 2025 श्रीकृष्ण बाल लीला गोवर्धन पूजा,गुरूवार 12 जून 2025 रासलीला रूकमणी विवाह,शुक्रवार 13 जून 2025 सुदामा चरित्र परीक्षित मोक्ष कथा विश्राम,शनिवार 14 जून 2025 हवन एवं विशाल भण्डारा का आयोजन के साथ कथा का समापन होंगा। कथा प्रतिदिन समय शाम 4 बजे से 7 बजे तक कथा स्थल मुक्तिधाम नदीपार, कटनी मे होंगी..पंडित कथा व्यास भगवताचार्य इंद्रभान शास्त्री महाराज ने विशेष जानकारी देते हुए बताया कि इस धार्मिक यात्रा और श्रीमद्भागवत कथा मे पूर्ण निःशुल्क यजमान बनकर पुण्य लाभ प्राप्त किया जा सकता हैं। पंडित आनंद महाराज ने कटनी नगर की समस्त धर्म प्रेमी जनता से जानकारी प्रदान कि की सनातन धर्म के 18 पवित्र पुराण हैं, जिनमें एक भागवत पुराण भी है। इसे श्रीमद्भागवत या केवल भागवत भी कहते हैं।

## सार्वजनिक मार्गों के निराश्रित गोवंशों को पकड़ कर भेजा गया कांजी हाउस

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

नागरिकों के सुगम यातायात की सुविधा को दृष्टिगत रखते हुए नगर की सार्वजनिक सड़कों एवं मुख्य मार्गों पर आवारा रूप से विचरण करने वाले निराश्रित गोवंश को कांजी हाउस में पहुंचाने का कार्य निगम की हांका गैंग द्वारा अवकाश के दिनों में भी जारी रहा।

महापौर श्रीमति प्रीति संजीव सूरी एवं आयुक्त नीलेश दुबे के निर्देश पर निगम की हांका गैंग नगर के सार्वजनिक मार्गों में अभियान चलाकर निराश्रित गोवंश को कांजी हाउस भेजने की कार्यवाही कर रही है। जिसके तहत रविवार को नगर के मुख्य बाजार क्षेत्र विश्वकर्मा पार्क, लल्लू भैया की तलैया, स्टेशन रोड



मुख्य मार्ग,फूल मंडी के पास सहित माधवनगर में अभियान चलाकर 5 नग गौवंश सार्वजनिक मार्ग में यातायात बाधित करते पाए जाने पर उन्हें वाहन के माध्यम से अमीरगंज कांजी हाउस भेजने की कार्यवाही की गई। स्वास्थ्य अधिकारी संजय सोनी ने बताया कि नगर निगम कटनी के अमीरगंज स्थित कांजी हाउस में निराश्रित गोवंश के लिए भोजन, पानी, छांव आदि की पर्याप्त व्यवस्था की गई है। आपने पशुपालकों से अपने पालतू पशुओं को निर्धारित स्थल पर बांधकर रखने का आग्रह करते हुए सार्वजनिक मार्गों में आवारा रूप से विचरण करने हेतु नहीं छोड़ने की अपील की है।

### 8 जून तक प्रभावित रहे रेलमार्ग, एक ट्रेन का मार्ग किया परिवर्तित

## उमरिया रेलखंड में अधो संरचना कार्य के चलते 18 ट्रेनों को रेलवे ने किया निरस्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

रेलवे की ओर से कटनी में अधोसंरचना संबंधी कार्य किया जाना है। उमरिया रेलमार्ग से होकर चलने वाली कुल 18 ट्रेनों को एक से 8 जून तक निरस्त किया गया है। वहीं, गोंदिया-बरौनी एक्सप्रेस का संचालन परिवर्तित मार्ग से किया जाएगा। जबलपुर से अंबिकापुर के बीच एकमात्र सीधी ट्रेन इंटरसिटी एक्सप्रेस है।

रेल अधोसंरचना कार्य के दौरान ब रौ नी - गों दि या - ब रौ नी (15231/32) एक्सप्रेस को परिवर्तित मार्ग से चलाने का निर्णय किया गया है। यह ट्रेन दो से 6 जून के बीच अपने आरंभिक स्टेशनों से निर्धारित समय पर प्रस्थान करेगी। दुर्ग-बिलासपुर-शहडोल-कटनी के स्थान पर नैनपुर-जबलपुर-कटनी के रास्ते गंतव्य आएगी-जाएगी।

एनकेजे के पास रेल अधोसंरचना संबंधी कार्य के दौरान कटनी ग्रेड सेपरेटर की नई लाइन का विस्तार किया जाएगा। सिंगरौली रेलमार्ग पर स्थित कटंगी-खुर्द से झलवारा स्टेशन तक बनी कार्ड लाइन को जोड़ा जाएगा। इससे बनने पर सिंगरौली से आकर बिलासपुर की ओर ट्रेनों सीधे आवाजाही कर सकेंगी। अभी सिंगरौली से बिलासपुर आने-जाने वाली मालगाड़ी का एनकेजे यार्ड में इंजन बदलना पड़ता है, जिससे अब निजात मिल जाएगी।

### ये ट्रेन की गई निरस्त

जबलपुर-अंबिकापुर एक्सप्रेस 7 जून तक, अंबिकापुर-जबलपुर एक्सप्रेस 3 से 8 जून तक, बिलासपुर-भोपाल एक्सप्रेस 7 जून तक, भोपाल- बिलासपुर एक्सप्रेस 3 से 9 जून तक, रीवा-चिरमिरी एक्सप्रेस 2, 4 व 6 जून तक, चिरमिरी-रीवा एक्सप्रेस 3, 5 व 7 जून तक, लखनऊ-रायपुर गरीबरथ एक्सप्रेस 2 व 5 जून, रायपुर-लखनऊ गरीबरथ एक्सप्रेस 3 व 6 जून, हजरत निजामुद्दीन-दुर्ग हमसफर 3 व 6 जून, दुर्ग-निजामुद्दीन हमसफर 4 व 7 जून, चिरमिरी-अनूपपुर पैसेंजर 3, 5 व 7 जून, अनूपपुर-चिरमिरी पैसेंजर 3, 5 व 7 जून, गाड़ी संख्या 61601 कटनी-चिरमिरी मेमू 2 से 7 जून, ट्रेन नंबर 61602 चिरमिरी-कटनी मेमू 3 से 8 जून निरस्त की गई हैं।




### वर्षा ऋतु को दृष्टिगत रखते हुए तय समय-सीमा में गुणवत्तापूर्ण कार्य कराने के दिए निर्देश

# अमृत योजना के तहत निर्माणाधीन कार्यों एवं रेस्टोरेशन कार्य की समीक्षा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

नगर विकास के तहत अमृत योजनांतर्गत विभिन्न वार्डो में कराये जा रहे सीवर लाईन का कार्य प्रारंभ करनें के पूर्व क्षेत्रीय पार्षदों एवं नागरिकों को इसकी जानकारी दें तथा कार्यस्थल पर सुरक्षा के समस्त इंतजाम होनें के पश्चात ही कार्य प्रारंभ करते हुए निर्धारित समय-सीमा में गणवत्ता के साथ रोड रेस्टोरेशन का कार्य करना पूर्ण करें। उक्त निर्देश निगमायुक्त नीलेश दुबे द्वारा सोमवार को आयोजित अमृत 1.0 एवं अमृत 2.0 योजना के तहत कराये जा रहे कार्यो की समीक्षा बैठक के दौरान निगम अधिकारियों एवं संविदाकारों को दिए। आगामी वर्षा ऋतु को देखते हुए शहर के सभी मुख्य मार्गो के गड्ढों को फिलिंग कराने एवं नागरिकों की सुविधा एवं डस्ट से बचाव हेतु नियमित तौर पर पानी का छिड़काव कराये जाने के भी



निर्देश दिए हैं।

बैठक के दौरान उपायुक्त श्री शैलेश गुप्ता, नोडल अधिकारी अमृत एवं उपयंत्री अश्विनी पाण्डेय, उपयंत्री मृदुल श्रीवास्तव, पी.डी.एम.सी के आर ई विशाल सैनी सहित संबंधित निर्माण एजेंसी के ठेकेदारों की मौजूदगी रही।

### अमृत -1.0 योजना के क्रियान्वयन में लाएं गति

निगमायुक्त श्री दुबे द्वारा अमृत 1.0 परियोजना की समीक्षा के दौरान प्रोजेक्ट के अंतर्गत संचालित किये जाने वाले कार्यो की भौतिक प्रगति कम पाए जाने पर कार्यों को गति प्रदान करते हुए तय समयावधि में पूर्ण कराने के निर्देश दिए। निगमायुक्त श्री दुबे द्वारा योजना के तहत प्रगतिरत सीवरेज प्रोजेक्ट के विभिन्न घटकों क्रमशः पाइप लाइन विस्तार, मेनहोल, सीवरेज, ट्रीटमेंट प्लांट निर्माण के कार्यों को प्लानिंग के तहत लक्ष्य निर्धारित कर पूर्ण करने के निर्देश दिए।

### अमृत - 2.0 की समीक्षा

निगमायुक्त श्री दुबे द्वारा अमृत 2.0 योजना के तहत नगर निगम क्षेत्र में स्वीकृत तीन परियोजनाओं क्रमशः वाटर बाड़ी, रिजूवेनेशन, वाटर सप्लाई एवं सीवरेज प्रोजेक्ट की प्रगति की समीक्षा की गई। समीक्षा के दौरान कटनी नदी पर निर्मित मोहन घाट एवं मसुरहा घाट में घाट रेनोवेशन, स्टोन पिचिंग, घाट गहरीकरण, पाथ वे एवं प्लांटेशन का कार्य आगामी वर्षा ऋतु को दृष्टिगत रखते हुए पूर्ण करानें के निर्देश दिए। बैठक में बताया गया कि अमृत 2-0 योजना के तहत वाटर सप्लाई एवं सीवरेज प्रोजेक्ट के संबंध में राज्य स्तरीय तकनीकी समिति से 35 करोड़ 95 लाख रूपये की डी.पी.आर का अनुमोदन प्राप्त होने के पश्चात एल.ओ.ए जारी किया जा चुका है। इस प्रोजेक्ट के तहत शहर के 4 वार्डो क्रमशः 13,14,17 एवं 18 के विभिन्न क्षेत्रों में पाइपलाइन विस्तार, मेनहोल, 6 डस्क क्षमता का सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट 6 हजार 827 हाउस सर्विस कनेक्शन प्रदान करने का प्रावधान शामिल है किया गया है। संबंधित ठेकदार द्वारा कार्य करनें की प्रक्रिया प्रारंभ की जा चुकी है। इसके अतिरिक्त वाटर सप्लाई हेतु 50 करोड़ रूपये का कार्य एमआईसी की ओर स्वीकृति हेतु प्रेषित किया गया है।

## खबर संक्षेप

### उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए मिलेगा प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार

**कटनी।** महिला एवं बाल विकास मंत्रालय, भारत सरकार के प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार वर्ष 2025 के लिये आवेदन प्राप्त करने की प्रक्रिया, राष्ट्रीय पुरस्कार पोर्टल https://awards.gov.in पर प्रारंभ हो चुकी है। यह पुरस्कार प्रति वर्ष बहादुरी, खेल, सामाजिक सेवा, विज्ञान और प्रौद्योगिकी, पर्यावरण तथा कला एवं संस्कृति के क्षेत्र में राष्ट्रीय स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिये दिया जाता है। इस पुरस्कार के लिए 5 वर्ष से अधिक और 18 वर्ष से कम आयु का कोई भी बच्चा (31 जुलाई, 2025 तक) जो भारतीय नागरिक है और भारत में रहता है, पुरस्कार के लिये पात्र है। नामांकन /आवेदन केवल राष्ट्रीय पुरस्कार पोर्टल के माध्यम से प्राप्त किए जायेगें। पुरस्कारों के लिए स्व-नामांकन और सिफारिशों, दोनों पर विचार किया जायेगा। ऑनलाइन आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि 31 जुलाई है।

### खेत तालाब बनने से दूर होंगे परेशानियां

**कटनी।** जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत विकासखंड बड़वारा के ग्राम पंचायत बरमनी की निवासी मुन्नीबाई पति केशव सिंह गोंड को मनरेगा के तहत खेत तालाब स्वीकृत किया गया है। इस कार्य की लागत 1 लाख 48 हजार रूपये है। खेत तालाब स्वीकृत होने पर अपनी खुशी व्यक्त करते हुए मुन्नीबाई ने कहा कि पहले पानी के अभाव में खेती नहीं हो पाती थी। खेत तालाब बनने से अब में संचित जल से फसलों की सिंचाई कर सकूँगी। साथ ही मछली पालन करने से अतिरिक्त आय भी अर्जित होगी। इसके अलावा पानी की उपलब्धता होने से पारंपरिक फसलों के अलावा सब्जियां एवं फल जैसी अधिक मूल्यवान फसलें भी ले सकूँगी। इससे न केवल परिवार की आर्थिक स्थिति सुदृढ़ होगी, बल्कि काम की तलाश में इधर-उधर नहीं भटकना पड़ेगा। साथ ही मनरेगा योजना के तहत खेत तालाब बनने से मुझे एवं मेरे परिवार को मजदूरी भी मिल रही है।

### मामूली विवाद में युवक पर चाकू से हमला



**कटनी।** एक युवक ने मामूली विवाद मे दूसरे युवक पर चाकू से हमला कर दिया। घटना मे युवक गंभीर रुप से घायल हुआ है। घटना एनकेजे थाना क्षेत्र के बजरंग कालोनी में हुई। जानकारी के अनुसार चंद्रलोक मौर्य पिता जय चंद मौर्य 30 बर्ष निवासी बजरंग कालोनी थाना एनकेजे अपने घर के समीप खडे थे। तभी बजरंग कालोनी के हि एक युवक रविकांत यादव आकर उनसे विवाद करने लगा। विवाद इतना बढ़ गया कि युवक ने चंद्र लोक पर चाकू से हमला कर दिया जिससे चंद्र लोक गंभीर रूप से घायल हुआ है। घटना कि जानकारी लगते हि एनकेजे पुलिस मौके पर पहुंची और घायल युवक को जिला अस्पताल लाया गया जहाँ वह इलाजरत है। वही आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है।

## टीएल बैठक में कलेक्टर ने कहा वर्षा पूर्व आपदा प्रबंधन हेतु बचाव एवं राहत का सुनिश्चित हो समुचित उपाय

# कार्य की धीमी प्रगति पर डीएम ने जताई नाराजगी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी





कलेक्टर दिलीप कुमार यादव ने सोमवार को समय-सीमा बैठक में वर्षा ऋतु के दौरान संभावित आपदाओं का आकलन करते हुए बचाव एवं राहत के समुचित उपाय सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने बाढ़ संभावित क्षेत्रों का आकलन कर नदी-नालों, सड़क-पुलियाओं एवं रपटों का चिन्हांकन करने के निर्देश दिए। बैठक में वनमंडलाधिकारी गौरव शर्मा, जिला सीईओ शिशिर गेमावत और अपर कलेक्टर साधना परस्ते मौजूद रहे।

कलेक्टर श्री यादव ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि पिछली बारिश के दौरान बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों की स्थितियों से सीख लेकर समुचित तैयारियां करें। उन्होंने कहा कि बाढ़ आपदा प्रबंधन के तहत तय मानक संचालन प्रक्रियाओं का हर विभाग द्वारा पालन सुनिश्चित हो और तैयारियों का मॉक ड्रिल भी किया जाये। ताकि आपात स्थिति में किसी प्रकार की अप्रिय स्थिति न बने।

कलेक्टर ने लोक निर्माण विभाग को निर्देशित किया कि पिछले वर्ष की बारिश में जिले के जिन स्थानों पर पानी पुल के ऊपर से बह रहा था वहां एहतियातन दोनों ओर कर्मचारियों की ड्यूटी लगायें। साथ ही चेतावनी बोर्ड व बैरियर की भी व्यवस्था की जाये।

कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे किसी भी आपात स्थिति से निपटने में आपसी समन्वय, सतर्कता के साथ त्वरित कार्यवाही निष्पादित करें। उन्होंने बिजली विभाग के अधिकारियों को पिछले मानसून सत्र में ढीमरखेड़ा क्षेत्र के 14 गांवों में बाढ़ की वजह से बाधित हुई बिजली आपूर्ति व्यवस्था के पिछले अनुभव से सीख लेते हुए मैदानी भ्रमण कर इस वर्ष कारगर एवं पुख्ता व्यवस्था सुनिश्चित करने की हिदायत दी।

कलेक्टर श्री यादव ने स्वास्थ्य अमले को निर्देशित किया कि बाढ़ एवं जल जनित बीमारियों की रोकथाम एवं चिकित्सा व्यवस्था तथा दवाईयों के पर्याप्त भंडारण के निर्देश दिए। कलेक्टर ने सभी एसडीएम, जनपद पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारी, तहसीलदारों, पशुपालन, जल संसाधन, खाद्य एवं आपूर्ति विभाग, पीएचई, नगर निगम तथा होमगार्ड और एसडीआरफ को भी उनके विभाग से संबंधित एसओपी के तहत पुख्ता प्रबंध करने की हिदायत दी।

### बच्चों को दें समझाईश

कलेक्टर ने निर्देशित किया है कि स्कूल के बच्चों को कक्षाओं में यह समझाईश अवश्य दी जाए कि तेज बारिश एवं बाढ़ की स्थिति में बहाव वाले नदी-नालों, रपटों एवं तटीय एवं निचले इलाकों में न जाये।

कलेक्टर ने बाढ़ आपदा के दौरान त्वरित सूचनाओं के आदान-प्रदान हेतु पुख्ता सूचना तंत्र विकसित करने और संभावित बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों के लिए पर्याप्त मात्रा में खाद्यान्न का भंडारण करने के निर्देश दिए। आपदा प्रबंधन के लिए कलेक्ट्रेट कार्यालय में 24 वाय 7 कंट्रोल रूम संचालन के निर्देश दिए। कंट्रोल रूम का दूरभाष क्रमांक 07622-220070, 07622-220071 है।

### न हो औपचारिक कार्यक्रम

कलेक्टर श्री यादव ने जिले में चल रहे विकसित कृषि संकल्प अभियान की समीक्षा करते हुए उपसंचालक कृषि मनीष मिश्रा को दो टूक लहजे में निर्देशित किया कि शासन का यह महत्वपूर्ण कार्यक्रम रस्मी और औपचारिक न होकर वास्तविक हो। ताकि किसानों को इस का सीधा लाभ मिल सके। अभियान के तहत कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में किसानों को बुलाएं। साथ ही अभियान के तहत किसानों को नरवाई न जलाने, खाद, वर्मी कम्पोस्ट तथा शासन द्वारा चलाई जा रही योजनाओं की जानकारी दें।

### करें स्कूल बसों की जांच

बैठक में कलेक्टर श्री यादव ने आरटीओ को 15 जून तक स्कूल बसों की फिटनेस, रजिस्ट्रेशन, परमिट एवं इंश्योरेंस की जांच करने के निर्देश दिए। साथ ही कॉमर्शियल वाहनों जैसे बस, ट्रक आदि की भी जांच करने के निर्देश दिए।

मानसून के मद्देनजर कलेक्टर ने सभी एसडीएम को निरीक्षण कर सोसायटी, सरकारी एवं निजी दुकानों में खाद-बीज की पर्याप्त उपलब्धता और शासकीय उचित मूल्य दुकानों की निगरानी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जो विक्रेता खाद के अलावा उनकी दुकान से अन्य सामग्री लेने के लिए किसानों को मजबूर करते हैं, ऐसे विक्रेताओं के विरूद्ध एसडीएम सख्त कार्यवाही करें।

### समग्र ई-केवाईसी की समीक्षा

कलेक्टर श्री यादव ने समग्र ई-केवाईसी की समीक्षा करते हुए इस कार्य को 30 जून तक पूरा करने के निर्देश दिए। नगर निगम की कम प्रगति पर नाराजगी जाहिर करते हुए कलेक्टर ने कैंप लगाकर महिला एवं बाल विकास विभाग के साथ समन्वय कर कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए। इसके अलावा बरही, कैमोर एवं विजयराघवगढ़ नगर पंचायतों की कम प्रगति भी असंतोष व्यक्त किया। कलेक्टर श्री यादव ने आई-गॉट पोर्टल पर सभी कर्मचारियों को रजिस्ट्रेशन कर पोर्टल पर उपलब्ध कोर्स करने के निर्देश दिए।

कलेक्टर ने अधिकारियों को विश्व पर्यावरण दिवस 5 जून से 30 सितंबर तक एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत किए जाने वाले पौधारोपण की कार्ययोजना और आवश्यक संख्या में पौधों की जानकारी का आकलन करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने कहा कि रोपे गए पौधों की सुरक्षा और सिंचाई का प्रबंध जरूर किया जाए।

*जलभराव की समस्या से निबटने अभी से किया जा रहे प्रयास*

## नगर में स्वच्छता के लिए निगम प्रशासन द्वारा दो शिफ्ट में की जा रही साफ सफाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



शहर की स्वच्छता और सुन्दरता को सुचारू बनाए रखने के लिए नगर निगम द्वारा दो शिफ्ट में सार्वजनिक मार्गो एवं नाले - नालियों की सफाई के सार्थक प्रयास किये जा रहे है। वहीं घरों व दुकानों में कूड़ेदान को रखकर उसी में घरों व दुकानों से निकलने वाले कूड़े को डालनें तथा सार्वजनिक स्थलों पर फेंकने वालों पर जुर्माना लगाने की कार्यवाही की जा रही है।

स्वास्थ्य अधिकारी संजय सोनी ने जानकारी देते हुए बताया कि महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी एवं निगमायुक्त नीलेश दुबे के निर्देशन में निगम के स्वास्थ्य अमले के माध्यम से दो शिफ्ट में नगरीय एवं उपनगरीय वार्डो के सार्वजनिक मार्गो सहित बाजार क्षेत्रों एवं अन्य मार्गो में झाड़ू का कार्य कराया जाकर एकत्रित कचरे को संग्रहित कर उसका निष्पादन कराया जा रहा है। प्रातःकालीन दैनिक सफाई व्यवस्था के तहत नगर के विभिन्न स्थलों मिशन चौक, सुभाष चौक, स्टेशन रोड, झंडा बाजार, एसबीआई तिराहा, शासकीय चिकित्सालय मार्ग, मिशन चौक ओव्हर ब्रिज, बस स्टेंड परिसर, रैन बसेरा आश्रय स्थल मुक्तिधाम परिसर, वार्ड क्रमांक 34 छपरवाह पार्क परिसर सहित नगरीय एवं उपनगरीय क्षेत्रों के विभिन्न मार्गो की सफाई का कार्य कराया गया। वहीं रात्रि कालीन सफाई व्यवस्था के दौरान रोड़ स्वीपिंग मशीन से फायर स्टेशन मार्ग, पुरानी कचहरी मार्ग की सफाई सहित स्वच्छता दूतों द्वारा विभिन्न मार्गो को साफ एवं स्वच्छ रखने के प्रयास किये गए।

आगामी वर्षाकाल के दौरान नगर में जलप्लावन की समस्या के निराकरण हेतु राममनोहर लोहिया वार्ड रचना नगर की विभिन्न गलियों, बस स्टैंड क्षेत्र चंबल होटल के पास की नालियों, महात्मा गांधी वार्ड की हरिजन बस्ती, नदीपार मुक्धिाम परिसर फुल्की गली की नालियों, झंडा बाजार जैन मंदिर के सामनें सहित राष्ट्रीय स्कूल के पास के बड़े नाले एवं नालियों की सफाई का कार्य कराया गया। इसके अतिरिक्त चढडा् कॉलेज के सामने, नई बस्ती बैंक लाइन, वार्ड क्रमांक 11 एवं 12 की विभिन्न स्थलों की नालियों, कावस जी वार्ड भट्टा मोहल्ला, हाउसिंग बोर्ड, धर्मलपोक मिल के सामने सहित नगर के अन्य बड़े नाले एवं नालियों की सफाई का कार्य स्वच्छता दूतों एवं जे.सी.बी मशीन से कराया जाकर कचरे का उठाव कार्य किया गया।

## डीआईजी ने कहा दोषियों के खिलाफ होगी कार्यवाही



बीते दिनों महिला थाना में पत्रकारों के साथ हुई अभद्रता की जांच के लिए कटनी पहुंचे जबलपुर रेंज के डीआईजी अतुल सिंह ने पत्रकारों से घटनाक्रम की जानकारी ली तथा आश्वस्त किया कि मामले की जांच की जा रही है। जांच में जो भी दोषी पाया जाएगा उसके विरूद्ध कार्रवाई की जाएगी। सीएसपी ख्याति मिश्रा के परिजनों के साथ डीएसपी द्वारा अभद्रता तथा वायरल आडियो की भी जांच कराने डीआईजी अतुल सिंह ने बात कही। उन्होनें कहा कि पारिवारिक विवाद के मामले में कई बार पुलिस को कार्रवाई में विलंब होता है। घटनाक्रम का कव्हरेज करने गए पत्रकारों के साथ अभद्रता को भी गम्भीरता से लिया गया है इस पर भी दोषी पुलिस अधिकारी के विरुद्ध जांच की जा रही है। मीडिया कर्मियों के भी कथन लिए गए। पत्रकारों के साथ पुलिस द्वारा की गई अभद्रता से पत्रकारों में आक्रोश है।

## किराना एवं जनरल स्टोर्स में दवाईयों का विक्रय बंद कराने कार्यवाही की करेंगे मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ बरही



बरही में एमपी फार्मासिस्ट एसोसिएशन संगठन की मीटिंग का आयोजन जिला अध्यक्ष कपिल देव गुप्ता के तत्वाधान में विधायक कार्यालय में वरिष्ठ जनों की उपस्थिति में हुई। जिला अध्यक्ष सहित बरही बीजेपी मंडल अध्यक्ष डॉ जगदीश गुप्ता एवं महामंत्री पी डी ताम्रकार का स्वागत किया गया। फार्मासिस्ट एवं दवा व्यापारियों को रोजमर्रा में समस्याएं उठाई गई एवं उसमें निराकरण के लिए उपाय दिए गए हमारी जिले में कुछ मांगे हैं सभी फार्मेसिस्ट एवं दवा व्यापारी बंधुओ ने एक स्वर में अपनी मांगों को उठाया जिसमे जहां भी दवा का संचालन हो वहां फार्मासिस्ट की उपस्थिति अनिवार्य हो एवं दवाइयां का होलसेल के द्वारा किसी भी डॉक्टर को दवाई सीधे तौर पर ना दी जाए नहीं तो उनके खिलाफ संगठन एकजुट होकर पुरजोर विरोध करेगा और कार्यवाही के लिए बाध्य करेगा।

जिले में किराना दुकान एवं जनरल स्टोर्स में दवाइयां का विक्रय ना हो इसके खिलाफ सब एकजुट होकर ड्रग इंस्पेक्टर को पत्र लिखेंगे अगर कार्यवाही नहीं होती है तो आंदोलन किया जाएगा। एवं संगठन को मजबूत करने के लिए सबको प्रेरित किया गया। एवं फार्मासिस्ट की प्रदेश टीम से मांग की गई फार्मेसी काउंसिल में रजिस्ट्रेशन और रेनवाल सुचारू रूप से हो इसकी भी मांग की गई।

मीटिंग में सबसे वरिष्ठ मार्ग दर्शक केएल सोनी, श्रीराम शंकर गुप्ता, सुभाष अग्रवाल] माधव गुप्ता, सनथ गौतम, सुभाष पटेल प्रसून अग्रवाल, सिद्धार्थ गुप्ता, चंद्र प्रकाश, राजेश शुक्ला,रामेश्वर गुप्ता ,कृष्ण कुमार यादव , नवीन

*कलेक्टर द्वारा ई ऑफिस के क्रियान्वयन की जा रही सतत समीक्षा*

## ई-आफिस कार्यप्रणाली में कटनी प्रदेश के 10 अग्रणी जिलों में शामिल

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

प्रशासनिक कार्यों को तेज और पारदर्शी बनाने के उद्देश्य से कलेक्टर दिलीप कुमार यादव के निर्देश पर कटनी जिले में ई-ऑफिस सिस्टम पर तेजी से काम हो रहा है। ई-आफिस कार्यप्रणाली अपनाने और इसके क्रियान्वयन को मूर्तरूप देने के मामले में कटनी जिला प्रदेश के 10 सर्वश्रेष्ठ अग्रणी जिलों में शामिल है।

कलेक्टर श्री यादव द्वारा समय-सीमा बैठक में नियमित तौर पर ई-आफिस कार्यप्रणाली की समीक्षा की जाती है। कलेक्टर श्री यादव कहते हैं कि जिले में ई-ऑफिस के क्रियान्वयन का मुख्य उद्देश्य सभी विभागों के भीतर प्रशासनिक प्रक्रियाओं को आधुनिक बनाना है। जिससे दक्षता, पारदर्शिता और जवाबदेही बढ़ेगी । साथ ही ई-ऑफिस का प्रयोग कर प्रौद्योगिकी को अपनाते हुए प्रशासनिक प्रक्रियायें भी और अधिक सुव्यवस्थित हों जायेंगी।

### 54 विभागों में ई-आफिस कार्यप्रणाली का शुरू किया जा चुका है कार्य

कटनी जिले के 54 विभागों और कलेक्ट्रेट की शाखाओं में ई-आफिस कार्यप्रणाली से कार्य शुरू किया जा चुका है। यहां अब तक 5 हजार 322 ई-फाईलें आनलाइन चलाईं गई है।जबकि 1 हजार 819 ई -फाईल क्रियेट की जा चुकी है। ई- रिसिप्ट 2 हजार 866 और 6 हजार 613 ई -रिसीप्ट भी हो चुके हैं। इसके लिए जिला सूचना विज्ञान अधिकारी श्री प्रफुल्ल श्रीवास्तव द्वारा विभागों के अधिकारियों और कर्मचारियों को तीन चरणों में प्रशिक्षण भी दिया गया है। इसके अलावा विभागीय अधिकारियों और कर्मचारियों को किसी भी प्रकार की असुविधा और समझने में आने वाली परेशानी व समस्या को दूर करने में भी डी आई ओ श्री श्रीवास्तव द्वारा तकनीकी परामर्श प्रदान किया जाता है। ई-आफिस से आशय साफ है कि कागजी नोटशीट फाइलें नहीं चलेंगी, उनकी बजाए फाइलें चरणबद्ध तरीके से ऑनलाइन मूव होंगी। मतलब पूरी प्रक्रिया पेपरलेस होगी।

कटनी जिले में ई-आफिस कार्यप्रणाली की शुरुआत से सुशासन की दिशा में अभूतपूर्व तथा प्रभावी प्रगति का परिचायक है। इसके तहत पारदर्शिता, तत्परता और जनकल्याणकारी योजनाओं के बेहतर क्रियान्वयन का लक्ष्य पूर्ण होगा।

### क्या है ई-ऑफिस प्रणाली

ई-ऑफिस, ऑनलाइन प्रणाली है। इसमें अधिकारी से लेकर कर्मचारी तक कम्प्यूटर पर बैठकर अपनी फाइलें निपटाएंगे। इससे यह पता चल जाएगा कि कौन सी फाइल किस के पास लंबित है। पुरानी नस्तियों को भी इसमें ढूंढा जा सकेगा। इससे शासकीय कार्य तेजी से संपादित हो सकेंगे। उच्च स्तर पर इसकी मॉनिटरिंग भी आसान होगी।

## पिपरहटा में आयोजित ग्राम उत्सव में ग्रामीणों ने की सहभागिता

# महिलाओं एवं पुरूषों के लिए हुई विभिन्न प्रतियोगिताएं, विजेता पुरस्कृत

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



विकासखंड कटनी में सेक्टर क्रमांक 3 के अंतर्गत विकासखंड स्तरीय आदर्श ग्राम पिपरहटा में नवांकुर संस्था अनुभूति जनजागरण संस्थान कनहवाराके समन्वय और ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति पिपरहटा के सहयोग से स्थानीय आदिवासी मोहल्ले के रंगमंच परिसर में ग्राम उत्सव का आयोजन किया गया। यह आयोजन विकासखंड समन्वयक बालमुकुंद मिश्र, ग्राम पंचायत पिलौंजी के सरपंच डॉ. शिव कुमार पांडेय, उप सरपंच मुन्नीबाई भूमिया, ग्रामवासी कृष्ण दत्त तिवारी, ग्राम पंचायत के रोजगार सहायक मनोज अवस्थी के आतिथ्य में किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ ग्राम की भजन मंडली के द्वारा भगवान की आराधना करते हुए भजन की प्रस्तुति के माध्यम से किया गया। तत्पश्चात अतिथियों का स्वागत करते हुए कार्यक्रम के प्रथम चरण में विकासखंड समन्वयक बालमुकुंद मिश्र के द्वारा आदर्श ग्राम की अवधारणा और ग्राम उत्सव की प्रस्तावना प्रस्तुत की गई। बताया गया कि ग्राम पिपरहटा को सेक्टर स्तरीय आदर्श ग्राम बनाने के लिए चयनित किया गया है। जिसमें ग्राम वासियों की सहभागिता आवश्यक है। जिसमें जैविक कृषि को बढ़ावा देने के साथ-साथ महिलाओं और वंचित वर्गों के आर्थिक और सामाजिक सशक्तिकरण, सहित ग्राम को पूर्ण स्वच्छ बनाने, शिक्षा, स्वास्थ्य ,जल संरक्षण, पर्यावरण संरक्षण और ऊर्जा संरक्षण को बढ़ावा देने के साथ-साथ ग्राम विकास के अन्य मूलभूत विषयों को बढ़ावा देने की दृष्टि से सभी ग्रामवासियों को मिलकर कार्य प्रारंभ करना है। उपस्थित अतिथियों ने अपने उद्बोधन में कन्हवारा सेक्टर में आदर्श ग्राम के बनाने के लिए पिपरहटा ग्रामवासियों को इस विशेष उपलब्धि पर बहुत-बहुत बधाई और शुभकामनाएं प्रेषित करते हुए जन अभियान परिषद की नवांकुर संस्था के साथ जुड़कर चयनित मूलभूत विषयों पर शत-प्रतिशत उपलब्धि वाला ग्राम बनाने का आग्रह किया है।

कार्यक्रम के द्वितीय चरण में पूर्व निर्धारित कार्यक्रमों के अनुसार ग्राम वासियों के उत्साह पूर्ण सहभागिता के लिए पुरुषों और महिलाओं की रस्सा खींच, चम्मच दौड़, कुर्सी दौड़ सहित विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। जिसमें ग्राम वासियों ने बढ़-कर कर हिस्सा लिया और ग्राम उत्सव के माध्यम से आनंद का अनुभव किया। कार्यक्रम के तृतीय और अंतिम चरण में विभिन्न प्रतियोगिताओं में सहभागिता के साथ-साथ विजेता, उपविजेता, प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले ग्राम वासियों को नवांकुर संस्था के द्वारा अतिथियों के माध्यम से मेडल और प्रमाण पत्र प्रदान किए गए।

### इनकी रही सहभागिता

कार्यक्रम का संचालन और आभार प्रदर्शन नवांकुर संस्था सेक्टर क्रमांक 3 के अध्यक्ष स्वाधीन शुक्ला के द्वारा किया गया। ग्राम उत्सव के आयोजन में नवांकुर संस्था के सचिव अवधेश तोमर, सदस्य गण अतुल पांडेय, जितेंद्र नामदेव परामर्शदाता रामानुज पांडेय, अमित तिवारी, सहित बड़ी संख्या में ग्राम वासियों की विशेष सहभागिता रही।

### क्विक डेस्क हेल्पलाइन सेवा का शुभारंभ, शिकायत करा सकेंगे दर्ज

**कटनी।** पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी ने 10 किलोवाट या उससे अधिक स्वीकृत भार वाले उपभोक्ताओं (हाई वैल्यू कंज्यूमर) की समस्याओं के शीघ्र समाधान के लिये 1912 - क्विक डेस्क हेल्पलाइन की स्थापना की है। पिछले कुछ समय से उच्चदाब, औद्योगिक और व्यावसायिक उपभोक्ताओं को विद्युत आपूर्ति, बिलिंग और अन्य सेवाओं में विलंब की शिकायतें प्राप्त हो रही थीं। कंपनी ने 1912 पर केंद्रीकृत उपभोक्ता सेवा केंद्र निदान के अंतर्गत सभी उपभोक्ताओं की शिकायतों का निस्तारण सुनिश्चित किया है। किन्तु उच्चदाब उपभोक्ताओं को शीघ्र समाधान हेतु विशेष क्विक डेस्क हेल्पलाइन स्थापित की गई है। इस हेल्पलाइन के माध्यम से उपभोक्ता नई विद्युत कनेक्शन, बिलिंग, विद्युत आपूर्ति तथा अन्य सेवाओं से संबंधित शिकायतें पंजीकृत करवा सकते हैं।

नवीन कनेक्शन 10 किलोवाट या उससे अधिक भार के लिए स्मार्ट बिजली ऐप पर आवेदन कर हेल्पलाइन पर क्रमांक देकर शीघ्र विद्युत कनेक्शन की सुविधा। विद्युत आपूर्ति की समस्याएँ जैसे 33/11 केवी फीडर बंद, डीटीआर खराबी, एलटी लाइन फॉल्ट इत्यादि में तुरंत शिकायत दर्ज कर त्वरित समाधान। बिल प्राप्त न होना, मीटर रीडिंग, गलत बिलिंग आदि में शीघ्र समाधान होगा।

### पशुओं के लिए पानी की व्यवस्था

**कटनी।** उम्मीद ग्रुप के सदस्यों द्वारा बीते पठरा के जंगलों एवं अन्य स्थानों पर वन्य जीवों और पशुओं के लिए जल की व्यवस्था की जा रही है। गर्मी के इस भीषण दौर में जब प्राकृतिक जल स्रोत सूखते जा रहे हैं, तब जंगलों में रहने वाले वन्य जीवों के लिए पानी की कमी जीवन के लिए संकट बन रही है। ऐसे में ग्रुप के सदस्यों ने मानवीय संवेदना का परिचय देते हुए जंगलों में पानी के पात्र रखवाए हैं और नियमित रूप से उनमें पानी भरने का कार्य किया जा रहा है।

स्वस्तिक गार्डन एंड फार्म्स रिसॉर्ट
शादी, एनिवर्सरी, बर्थडे व सभी शुभ कार्यो के लिए प्राकृतिक वातावरण एवं सुंदर सनसेट व्यू के साथ उपलब्ध है।

पता: बाबा घाट के पास, जायसवाल पेट्रोल पंप के पीछे, पांडेय जी का बगिचा
संपर्क करें : 9301818276, 7489325162
स्वस्तिक गार्डन एंड फार्म्स जहाँ हर पल खास बनता है।

**खबर संक्षेप**

### जीर्णशीर्ण भवनों से संबंधित सूचना दमोह हेल्पलाइन पर दें

**दमोह।** कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने बताया है कि दमोह हेल्पलाइन नंबर 07812-350300 पर क्षतिग्रस्त अथवा जीर्णशीर्ण भवनो से संबंधित जानकारी दर्ज करा सकते हैं। सूचना देने से क्षतिग्रस्त भवनों की पहचान और आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित की जा सकेगी। इससे भविष्य में होने वाली बड़ी समस्याओं को रोका जा सकता है।

### एन.आर.सी. पवई में मनाया गया दो वर्षीय ऋषभ का जन्म दिन

**पवई।** सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पवई मे संचालित एन आर सी मे कुपोषण बीमारी से पीड़ित बच्चों का सिर्फ इलाज भर नही हो रहा है बल्की भर्ती अवधि के दौरान किसी नन्हे बच्चे का दिन आता है तो उसे बडे ही उल्लास और उगंग के साथ एन आर सी स्टाफ एवं कुपोषित बच्चों के बीच रहने वाली महिला परिजनों के साथ केक काटकर जन्म दिन मनाने की शुरूआत डाक्टर ओम हरि शर्मा ने सोमवार को की ग्राम अलतहाई निवासी रिषभ रैकवार 28 मई को भर्ती हुआ था जिसकी जन्म तिथि 2/6/2023 है डाक्टर श्री शर्मा एवं रागनी पटेल रचना शर्मा के मन विचार आया क्यो न अपन भी नन्हे नन्हे बच्चों की खुशी के लिए उनके जन्म दिन को एन आर सी मे धूमधाम के साथ मनाना शुरू किया जिसकी शुरुआत सोमवार से की गई है।

तेंदूखेड़ा ब्लॉक के स्कूलों व ग्राम पंचायतों में नहीं है खेल मैदान और जो बने वह गड़बड़ी की भेंट चढ़े

# खेल मैदानों के अभाव में चमक खो रही प्रतिभाएं, खेतों-जंगलों में कर रहे अभ्यास

हरिभूमि न्यूज ▶▶ तेंदूखेड़ा





ग्रामीण क्षेत्रों में खेलों को बढ़ावा देने के लिए शासन प्रशासन जो भी दावे करें, लेकिन जमीनी हकीकत यही है कि गांवों में खेल के मैदान नहीं है और जहां खेल मैदान है वहां पर पर्याप्त व्यवस्थाएं ही नहीं है। जिसके कारण ग्रामों में खुले एवं ऊबड़ खाबड़ मैदानों को ही खेल ग्राउंड बनाकर प्रतिभाएं अपने खेल में निखार ला रही है। ऐसे में खेलों में ग्रामीण प्रतिभाओं का सामने निकलकर आना असंभव होकर रह गया है ग्रामीण बच्चे व युवाओं को विभिन्न खेलों का अभ्यास करने के लिए उचित मैदान की सुविधा दिलाने की मंशा से सरकार की योजना के तहत तेंदूखेड़ा ब्लॉक की तकरीबन सभी ग्राम पंचायतों के लिए खेल मैदान निर्माण स्वीकृत किए गए थे, पर इन मैदानों को बनाने में गड़बड़ी की गई है। कहीं खानापूर्ति कर राशि निकाली गई है तो कहीं कागजों में निर्माण दर्शाकर राशि आहरण कर ली गई है। संबंधित उपयंत्री ने भी मिलीभगत कर मूल्यांकन कर दिया। नतीजा सरकार के लाखों रुपए खर्च होने के बाद भी ग्रामीण बच्चे व युवा खेत खलिहान, जंगल मैदान में विभिन्न खेलों का अभ्यास करने मजबूर हैं। जानकारी अनुसार तेंदूखेड़ा ब्लॉक की ग्राम पंचायतों में वर्ष 2016-17 में ये खेल मैदान स्वीकृत हुए थे एक मैदान को बनाने की लागत लाखों रुपए थी। उक्त राशि में धांधली करने की मंशा से पंचायतों ने अधिकारियों से मिलीभगत कर

### निर्माण कार्य में गड़बड़ी

मामले में गौर करने वाली बात ये है कि उक्त संबंध में कई बार शासन-प्रशासन में बैठे वरिष्ठ अधिकारियों और नेताओं के पास शिकायतें पहुंची, पर जांच और कार्रवाई किसी पर नहीं की गई है। ब्लॉक की सभी 62 ग्राम पंचायतों में बने खेल मैदान का एक सा हाल है।

### क्रिकेट सहित कई टूर्नामेंट होते हैं आयोजित

खिलाड़ी युवाओं का कहना है कि ब्लॉक सहित जिलेभर में क्रिकेट, कबड्डी फुटबॉल सहित अन्य खेलों के टूर्नामेंट आयोजित होते रहते हैं इन टूर्नामेंट में भाग लेने के लिए खिलाड़ियों को विभिन्न खेलों का अभ्यास करना पड़ता है, लेकिन व्यवस्थित सुविधायुक्त खेल मैदान नहीं होने से बड़ी दिक्कत होती है मजबूरन जंगल की खाली जगह या. फिर गर्मियों में फसल से खाली हुए खेत खलियान में अभ्यास करना पड़ता है। जिससे बड़ी दिक्कत होती है। स्कूलों के खेल मैदानों का भी हाल बेहद खराब है कहीं-कहीं तो मैदान ही नहीं है बच्चों को अपनी प्रतिभाएं निखारने का मौका ही नहीं मिल पा रहा है।

### खेल मैदानों में हो रही खेती, कहीं गंदगी

उदाहरण के तौर पर ब्लॉक की कुछ ग्राम पंचायतें देख ले जिसमें ग्राम पंचायत चंदना, ग्राम पंचायत दरौली, ग्राम पंचायत सांगा, ग्राम पंचायत बैलवाड़ा, ग्राम पंचायत सारसबगली, जहां पर खेल मैदान तो है पर कहीं पर खेती बाड़ी हो रही है तो कहीं पर ऊबड़-खाबड़ मैदान है तो कहीं पर झाड़ियां ऊग आई है, तो कहीं पर गंदगी के ढेर लगे हुए हैं। इसके साथ ही कुछ ग्राम पंचायतों में खेल मैदान नहीं बन पाए है। इसके लिए जमीन भी चिन्हित नहीं की गई है। उधर कुछ ग्राम पंचायतों में खेल मैदान अपनी दुर्दशा पर आंसू बहा रहे हैं ग्रामीणों का कहना है कि ग्रामों में अभी तक मैदान बनाने कार्य शुरू नहीं हुआ है, वहीं जिस पंचायत में खेल मैदान बनाने का कार्य शुरू हुआ था तो अभी तक पूरा नहीं हो पाया है

### खानापूर्ति तक विकसित किए गए मैदान

शासन की योजनांतर्गत ग्राम स्तर पर शासकीय भूमि को खेल मैदान के लिए विकसित कराने के निर्देश के बाद कुछ ग्रामों में खेल मैदानों को विकसित करने की खानापूर्ति की गई। मशीनों और जनसहयोग से विकसित कराने का कार्य शुरु किया गया था, परन्तु वह मैदान भी हर साल बरसात के दिनों खेतों में तब्दील हो जाते हैं कुछ ग्रामों में खेल मैदान विकसित हैं भी तो स्थानीय ग्रामवासी और खिलाड़ी उसका लाभ नहीं ले पाते हैं आसपास की ग्रामीण प्रतिभाएं खेलों का अभ्यास नहीं कर पाती है। जिसके कारण बहुत से खिलाड़ी मैदान के अभाव में अपनी प्रतिभा दिखाने से महरूम रह जाते है जिसके कारण गांवों में खेल प्रतिभाएं दम तोड़ रही है।

इस संबंध में जब जनपद सीईओ मनीष बागरी से बात करने का प्रयास किया गया तो उनका नंबर कवरेज क्षेत्र आता रहा जिसके कारण बात नहीं हो सकी

### दिखवाते हैं

इस संबंध में जब एसडीएम सौरभ गंधर्व से बात की गई तो उन्होंने कहा मैं दिखवाता हूं और जनपद सीईओ से बात करता हूं साथ ही मंत्री जी को भी अवगत कराया जाएगा जिससे गांव के बच्चों को अच्छे खेल मैदान उपलब्ध हो सकें मैं दिखवाता हूं साथ ही अगर खेल मैदानों में पूर्व में गड़बड़ी की गई है तो संबंधित अधिकारियों से बात कर जांच कराता हूं।

**सौरभ गंधर्व**
**एसडीएम तेन्दूखेड़ा दमोह**

## हीडलबर्ग सीमेंट नरसिंहगढ में वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन



**दमोह।** हीडलबर्ग सीमेंट नरसिंहगढ़ ने मध्य प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड क्षेत्रीय कार्यालय, सागर के सहयोग से फैक्ट्री प्रमुख श्री सुरेश दुबे के प्रेरक नेतृत्व में विश्व पर्यावरण दिवस 2025 के अवसर पर "वैश्विक प्लास्टिक प्रदूषण का अंत" विषय पर चलाए जा रहे 10-दिवसीय जनजागरूकता अभियान के अंतर्गत आज एक भव्य वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में बच्चों, शिक्षकों, लेडीज क्लब की सदस्यों, कर्मचारियों तथा श्रमिकों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। कार्यक्रम का नेतृत्व यूनिट हेड श्री सुरेश दुबे के मार्गदर्शन में हुआ, जिनकी उपस्थिति ने सभी प्रतिभागियों को प्रेरित किया। इस अवसर पर विशेष उत्साह बच्चों में देखने को मिला, जिनकी सक्रिय भागीदारी ने आयोजन को और भी जीवंत बना दिया। बच्चों की पर्यावरण के प्रति जागरूकता और ऊर्जा ने कार्यक्रम को सफल बनाने में अहम भूमिका निभाई। पर्यावरण विभाग के प्रमुख अशोक तिवारी ने प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए बताया कि इस वृक्षारोपण के लिए फ़ाइकसर प्रजाति के पेड़ों का चयन क्यों किया गया। उन्होंने समझाया कि फ़ाइकस पेड़ न केवल वायु शुद्ध करते हैं, बल्कि जैव विविधता को भी संरक्षित करते हैं और पर्यावरणीय संतुलन बनाए रखने में सहायक होते हैं। यह वृक्षारोपण कार्यक्रम हीडलबर्ग सीमेंट, नर्सिंघगढ़ की सतत पर्यावरणीय प्रतिबद्धता का प्रतीक है, जो स्थानीय समुदाय को पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक करने और हरित भविष्य की दिशा में कार्य करने के उद्देश्य से किया गया। जागरूकता की यह यात्रा अभी जारी है।

## ट्रांसफार्मरों के बदलने, केबिल बदलने, लाईनों के रखरखाव में आई तेजी

**सिंग्रामपुर।** जैसे-जैसे उमस वाली गर्मी बढ़ रही है, वैसे-वैसे कस्बे व ग्रामीण क्षेत्रों में बिजली की मांग बढ़ रही है। इसको देखते हुए बिजली विभाग ने खराब ट्रांसफार्मरों को बदलने के साथ जर्जर विद्युत तारों को बदलने व मरम्मत का कार्य तेज कर दिया है। बिजली की समस्या से निजात दिलाने में प्रदेश के ऊर्जा मंत्री की पहल विद्युत विभाग की योजना **RDSSS** एवं फीडर सेपरेशन के



अंतर्गत भजिया, कोंडाकला, कंजई, बंशीपुर, पिपरिया, सहसना ग्रामों में जली केबिल, ट्रांसफार्मर बदलने का कार्य किया जा रहा है.**RDSSS** योजना के अंतर्गत फीडर सेपरेशन का कार्य तेजी से चल रहा है जिसका लाभ किसानों को आने वाले समय समय में मिलने लगेगा तथा कृषि सिंचाई कार्य सुचारू रूप से कर सकेंगे जिससे अच्छी फसल आने से अधिक लाभांवित होंगे। बिजली की बचत जरूरी है, बिना आवश्यकता के भारी उपकरणों का प्रयोग न करें। खराब ट्रांसफार्मर बदलने एवं नई केविलों के बदलने से गर्मियों में लोगों को अनावश्यक बिजली कटौती से राहत मिलेगी। महेश कुमार महतो, कनिष्ठ अभियंता का कहना है कि गर्मियों में एयर कंडीशनर,फ्रिज कूलर, पंखे व अन्य विद्युत उपकरणों के उपयोग के चलते ट्रांसफार्मरों पर लोड बढ़ जाता है विद्युत केबलों के जल जाने से कई बार ट्रिपिंग होने से मुश्किलों का सामना करना पड़ता है। इसको ध्यान में रखते हुए सुधार कार्य किया जा रहा है। वहीं विद्युत विभाग की योजना **RDSSS** के अंतर्गत कृषि फ़ीडरों का विस्तार कार्य भी कोंडाकला एवं सिंग्रामपुर क्षेत्र में किया जा रहा है जिससे किसानों को विद्युत आपूर्ति नियमित रूप से हो पाएगी जिससे सिंचाई में होने वाली असुविधा से किसान भाईयों को भी राहत मिल सकेगी।

## तम्बाकू निषेध दिवस पर जिला जेल में हुआ जागरूकता कार्यक्रम



**दमोह।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली एवं म.प्र.राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जबलपुर के आदेशानुसार एवं प्रिंसिपल जिला न्यायाधीश/अध्यक्ष पी.सी. गुप्ता जिला विधिक सेवा प्राधिकरण दमोह के मार्गदर्शन में 31 मई 2025 को जिला जेल दमोह में तम्बाकू निषेध दिवस पर जिला जेल दमोह में जागरूकता शिविर आयोजित किया गया। उक्त शिविर में जिला न्यायाधीश धर्मेश भट्ट, जेलर छोटेलाल प्रजापति, जिला विधिक सहायता अधिकारी रजनीश चौरसिया, जेल स्टॉफ एवं बंदीगण उपस्थित रहे। जिला न्यायाधीश धर्मेश भट्ट ने अपने उद्बोधन में बताया कि व्यक्ति नशे को अपनी शान समझते हैं वे गुटका, तम्बाकू, बीड़ी सिगरेट का नशा करते हैं उन्हें यह समझ नहीं आता है कि किसी भी प्रकार का नशा उनके जीवन के लिये आगे चलकर जानलेवा साबित होगा। सिगरेट के पैकेट पर नो स्मोकिंग लिखा रहता है फिर भी लोग उनका सेवन करते हैं। जिससे केंसर होने की संभावना बनी रहती है। सार्वजनिक स्थानों, टी.व्ही. पर एवं नशीले प्रोडक्ट पर उससे होने वाले दुष्प्रभाव को भी रोज दिखाया जाता है उसके बाद भी सेवन का त्याग नहीं किया जाता। आपने बंदियों को नशे से दूर रहने की सलाह दी। जिला विधिक सहायता अधिकारी रजनीश चौरसिया ने बंदियों को निःशुल्क विधिक सहायता एवं लीगल एड डिफेंस काउंसिल सिस्टम के बारे में विस्तृत जानकारी देते हुये बताया कि जो बंदी अपने प्रकरण में अधिवक्ता नियुक्त करने में समर्थ नहीं है वे विधिक सहायता योजना का लाभ लेते हुये अधिवक्ता प्राप्त कर सकते है एवं उच्च न्यायालय में अपील किये जाने हेतु भी अपना आवेदन जिला विधिक सेवा प्राधिकरण दमोह की ओर जेल के माध्यम से भिजवाकर निःशुल्क अपील कर सकते है। साथ ही आपने नालसा नशा पीड़ितों को विधिक सहायता योजना के संबंध में बंदियों को विस्तृत जानकारी दी एवं कार्यक्रम के अंत में बंदियों से उनकी समस्याओं के बारे में जानकारी लेकर समाधान किया गया।

## रोजगार-स्वरोजगार तथा अप्रेंटिसशिप मेले में जिले का प्रदेश में दो रैंक

**दमोह।** युवा संगम रोजगार-स्वरोजगार तथा अप्रेंटिसशिप मेले में जिले का प्रदेश में दूसरी रैंक आने पर रोजगार आयुक्त मध्य प्रदेश गिरीश शर्मा ने कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर को प्रशंसा पत्र भेजा है। रोजगार आयुक्त ने कहा युवा संगम कार्यक्रम के तहत आयोजित रोजगार मेला, अप्रेंटिसशिप मेला एवं स्वरोजगार में आकांक्षी युवाओं के लिए उल्लेखनीय कार्य किया गया। उन्होंने कहा आपके नेतृत्व में किया गया कार्य प्रशंसनीय है, भविष्य में भी सहयोग की अपेक्षा है।

## आरआरबी के नाम बदलने से उपभोक्ता परेशान

**बनवार।** मध्य प्रदेश ग्रामीण बैंक का नाम चार बार बदलने से उपभोक्ताओं और कर्मचारियों को भारी परेशानी हो रही है। बैंक का नाम पहले भारत ग्रामीण बैंक, फिर मध्यांचल ग्रामीण बैंक और अब मध्य प्रदेश ग्रामीण बैंक हो गया है। जून 2025 से यह बैंक बैंक ऑफ इंडिया के अंतर्गत आ गया है, जिससे नई सुविधाएं मिलने की उम्मीद है, लेकिन परेशानियों की लंबी सूची सामने आई है। जिसमें - लाखों रुपये की स्टेशनरी बर्बादी - पुराने साइनबोर्ड और लाइनों को हटाकर नए बनाने की प्रक्रिया में देरी हो रही है। साथ ही - कर्मचारियों को तकनीकी समस्याएं आ रही हैं। और उपभोक्ताओं को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। सरकार को इस मामले में हस्तक्षेप करने की आवश्यकता करने की जरूरत है ताकि उपभोक्ताओं और कर्मचारियों की परेशानियों का समाधान हो सके।बैंक अधिकारियों में विनीत जैन, प्रबंधक बनवार ग्रामीण बैंक का कहना है हम सरकारी कर्मचारी हैं, हमें जो काम करने के लिए बोला जाता है वही हम करते हैं। शुभम साहू, कैशियर, ग्रामीण बैंकःका कहना है बार-बार नाम परिवर्तन के कारण तकनीकी समस्याएं आ रही हैं। दीपक सेन संदेशवाहक का कहना है नाम परिवर्तन से उपभोक्ताओं को भारी परेशानी हो रही है।

## स्वास्थ्य एवं पोषण केंद्रित रात्रि चौपाल लगाई



**जबेरा।** स्वास्थ्य एवं पोषण केन्द्रित रात्रि चैपाल' स्वास्थ्य एवं महिला बाल विकास के सहयोग से द अंतरा फाउंडेशन द्वारा जबेरा ब्लॉक के विभिन्न ग्रामों लगाई गई। गत दिवस विकासखंड के ग्राम कलूमर में आंगनवाडी कार्यकर्ता शांति बाई, आशा कार्यकर्ता उत्तरा यादव एवं ग्राम मुवार में आशा कार्यकर्ता वतीबाई तथा ग्राम हरदुआ सड़क आंगनवाड़ी कार्यकर्ता शशि अहिरवार के सहयोग से चौपाल का आयोजन किया गया। चौपाल कार्यक्रम में जच्चा-बच्चा की जीवन रक्षा के लिए गर्भावस्था दौरान स्वास्थ्य देखभाल एवं नवजात शिशु के जीवन के आरंभ के दो वर्षों में सेहतमंद बनाये रखने के लिए क्षेत्र की गर्भवती-धात्री महिलाओं एवं उनके परिजनों को स्वास्थ्य एवं पोषण के संबंध में ग्राम की आशा कार्यकर्ता एवं आंगनवाड़ी कार्यकर्ता द्वारा जागरूक किया गया। रात्रि चौपाल के दौरान द अंतरा फाउंडेशन के सहयोग से प्रोजेक्टर के उपयोग से चलचित्र दिखाकर गर्भावस्था दौरान चार जांचों और पोषण आहार है जरूरी पर चर्चा कर उपयुक्त स्वास्थ्य व्यवहारों को अपनाने के लिए प्रेरित किया गया। वहीं नवजात शिशु को सेहतमंद बनाये रखने के लिए शिशु जन्म से एक घंटे के भीतर स्तनपान की शुरूआत, छः माह तक केवल स्तनपान, इसके पश्चात दो वर्ष तक स्तनपान के साथ उपरी संतुलित पोषण आहार एवं जानलेवा बीमारियों से बचाव में अहम टीकाकरण के महत्व एवं जुड़ी भ्रांतियों पर चर्चा कर बच्चों को सेहतमंद बनाये रखने के लिए एमसीपी कार्ड में दर्ज निर्धारित तिथी पर बच्चों को टीकाकृत कराने जागरूक किया।

## सेवानिवृत्ति पर धूमधाम से दी विदाई



**बनवार।** शासकीय बालक माध्यमिक विद्यालय बनवार में उच्च श्रेणी शिक्षक मनोहर लाल अहिरवार की सेवानिवृत्ति पर भव्य विदाई और सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में प्रवेंद्र वैध विकासखंड स्त्रोत समन्वयक और विशिष्ट अतिथि के रूप में संकुल प्राचार्य गोपाल महोबिया, बम्होरी प्रमोद खरे उपस्थित रहे। इस अवसर पर सेवानिवृत्त शिक्षक को उनकी सेवाओं के लिए सम्मानित किया गया और उनके 35 वर्षों के योगदान को याद किया गया। समारोह में बड़ी संख्या में विद्यालय के शिक्षक, कर्मचारी और छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। इसके अलावा सेवानिवृत्त शिक्षक के परिवार के सदस्य और अन्य गणमान्य नागरिक भी इस अवसर पर उपस्थित रहे समारोह में शामिल गणमान्य समारोह में वरिष्ठ पत्रकार मनोहर शर्मा, वीरेंद्र सिंह राजपूत, मंडल अध्यक्ष रिंकू जैन, विजय शंकर दुबे, राम सिंह, सरपंच प्रतिनिधि सुभाष अहिरवार करन लाल, सभापति तीरथ प्रसाद, और घनश्याम सहित कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। सभी ने सेवानिवृत्त शिक्षक के योगदान की सराहना की और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। सेवानिवृत्त शिक्षक के साथी शिक्षकों और छात्रों ने भावपूर्ण विदाई दी। सभी ने उनके साथ बिताए गए समय को याद किया और उनके योगदान के लिए आभार व्यक्त किया। समारोह का आयोजन स्नेहपूर्ण माहौल में किया गया, जिसमें सेवानिवृत्त शिक्षक के प्रति सम्मान और आभार व्यक्त किया गया। इस अवसर पर उपस्थित सभी लोगों ने सेवानिवृत्त शिक्षक के उज्ज्वल भविष्य की कामना की और उनके सुखद जीवन की कामना की।

## राज्य स्तरीय हॉकी खिलाड़ी अजीत विश्वकर्मा का मां तुझे प्रणाम योजना में हुआ चयन



**हटा।** खेल प्रतिभाओं को आगे बढ़ाने के लगातार मध्य प्रदेश शासन की मां तुझे प्रणाम योजना के अंतर्गत हटा अजीत विश्वकर्मा का चयन किया गया, चयनित अजीत को मध्य प्रदेश के प्रमुख ऐतिहासिक स्थलों का भ्रमण करवाया जाएगा। खेल एवं युवा कल्याण विभाग हटा के ब्लॉक कोऑर्डिनेटर हरिराम अहिरवार ने बताया कि प्रति वर्ष योजना के आवेदन किए जाते हैं, जिसमें पात्रताधारी हितग्राहियों को लाभ मिलता है, इसकी योग्यता खेल, शिक्षा, एनसीसी, एनएसएस एवं नेहरू युवा केन्द्र संगठन संबंधित होती है। जिसमें 10 बालक 10 बालिका का प्रतिवर्ष चयन किया जाता है। इस योजना का उद्देश्य भारत के सैनिकों के प्रति सम्मान और युवाओं में देशभक्ति की भावना को बढ़ाना है। "माँ तुझे प्रणाम योजना" मध्य प्रदेश सरकार द्वारा शुरू की गई एक महत्वाकांक्षी योजना है, जिसका उद्देश्य युवाओं के बीच देशभक्ति की भावना को बढ़ावा देना और उन्हें देश की सीमाओं और सैन्य परंपराओं से अवगत करना हैं। इसमें 15 से 25 वर्ष तक के चयनित युवक-युवतियों को सीमा पर तैनात सैनिकों के अदम्य साहस और बलिदान से युवाओं को परिचित कराया जाना होता हैं, चयनित युवा को हों सकता हैं कि, भारत-पाकिस्तान, भारत-चीन, भारत-बांग्लादेश जैसी अंतरराष्ट्रीय सीमाओं पर भेजा जाता है, जहां वे सैनिकों के साथ मिलकर उनकी जीवनशैली, अनुशासन और कर्तव्यनिष्ठा को प्रत्यक्ष रूप से देख सकते हैं।

## सुदामा चरित्र रुक्मणी विवाह की कथा सुनाई



**नरसिंहगढ़।** कल्याणपुर में चल रही श्रीमद् भागवत कथा में सुदामा चरित्र रुक्मणी विवाह की कथा सुनाई। पत्नी की बार-बार कहने पर सुदामा जी द्वारका के लिए गए। द्वारका में भगवान कृष्ण ने बड़ा स्वागत कि चरण पखार सिंगघासन पर बैठारे चरण अमृत लिया। पंडित पुजारी राम मिलन प्रसाद दुबे जी के द्वारा अनेक भीड़ को संबोधित करते हुए उन्हें कहा श्री कृष्ण सुदामा चरित्र के बारे में व्याख्या की। भगवान श्री कृष्ण रुक्मणी का हरणकिया इसके बाद विवाह किया और एक पुत्र का जन्म हुआ जिसका नाम हुआ प्रद्युम्न भानाबती नेपालन पोषण किया। कथा समापन के बाद साहू परिवार में एक कन्या का विवाह संपन्न होगा। कथा श्रोता पुरुषोत्तम साहू के सुपुत्र बाबूलाल साहू की पुत्री का विवाह 2 तारीख को संपन्न कराया जा रहा है। श्रीमद् भागवत कथा के बाद उन्होंने अपने पुत्री का विवाह संपन्न कराने की बात कही है।

इंटरनेट की लत बन सकती है कई समस्याओं का कारण, मोबाइल चलाते समय सावधानी जरूरी

# ऑनलाइन फ्रॉड से बचने दिखाएं समझदारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ तेंदूखेड़ा

इंटरनेट मीडिया आज लोगों के जीवन का अहम हिस्सा बन गया है। यदि एक दिन के लिए भी नेट बंद हो जाए तो सब कुछ अधूरा सा लगता है वर्तमान में लगभग हर व्यक्ति के हाथ में एन्ड्रॉयड मोबाइल है और सोशल मीडिया व अन्य एप्लीकेशन्स के जरिए खुद को दुनिया से जोड़े हुए है बावजूद इसके इसके जितने फायदे हैं उतने ही नुकसान भी हैं यदि इंटरनेट मीडिया आपकी लत बन चुकी है तो वह शारीरिक व मानसिक स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव डाल सकती है। एक गलत व फेक पोस्ट आपको झमेले में फंसा सकती है, जिसके कई मामले भी सामने आए हैं। इसलिए मोबाइल व इंटरनेट ज्ञान व कुछ मनोरंजन के लिए ही हो तो वह उसका सदुपयोग साबित होगा। इस विषय पर नगर के युवाओं ने अपनी प्रतिक्रिया दी और बताया कि इंटरनेट का उपयोग कितना और किसलिए किया जाए।

### समय करें निर्धारित



राहुल लोधी ठाकुर का कहना है कि इंटरनेट व मोबाइल चलाते वक्त यह पता होना चाहिए कि उसमें आपको क्या और कितना देखना है यदि आप खुद को मोबाइल में ही झौंक चुके हैं तो यह आपके लिए बेहद नुकसानदेह हो सकता है। कई बार युवा अज्ञानतावश मोबाइल इंटरनेट में फ्रॉड का शिकार हो जाते हैं, जिसमें आर्थिक व मानसिक नुकसान दोनों होता है बगैर सोचे-समझे कोई फेक जानकारी पोस्ट कर देने से कानूनी झमेले में भी फंस सकते हैं इससे युवा कई बीमारी में जकड़ रहा है।

**राहुल लोधी ठाकुर तेन्दूखेड़ा**

### वीडियो में वक्त कर रहे जाया



तेंदूखेड़ा निवासी हर्ष प्रताप राजपूत का कहना है कि आज के समय में इंटरनेट लोगों की जरूरत बन चुका है, लेकिन उसके फायदे के साथ नुकसान भी हैं। हम देखते हैं कि कई युवा इसकी लत के शिकार भी हो चुके हैं, वे गेम, वीडियो में ही पूरा वक्त गुजार रहे हैं। जिससे उन्हे शारीरिक एवं मानसिक समस्याएं भी आ रही हैं। युवाओं को यह समझना चाहिए कि कोई भी अविष्कार मनुष्यों के लाभ- के लिए हुआ है, उसका दुरूपयोग कर उसे नुकसानदेह न बनाएं समझदारी के साथ उसका इस्तेमाल कर कई समस्याओं से बच सकते है।

**हर्ष प्रताप राजपूत तेन्दूखेड़ा**

### बच्चे पढ़ाई के लिए करें उपयोग



आकाश साहू बताते हैं कि वर्तमान में इंटरनेट सूचना का सबसे बड़ा विश्वकोश है इसमें वेबसाइटों, डिजिटल पुस्तकालयों, वैज्ञानिक पत्रों और लेखों के माध्यम से सूचना का भंडार शामिल है यह एक ऐसे मंच के रूप में कार्य करता है जहां दुनिया के किसी भी कोने के लोगों के बीच सूचना का आदान-प्रदान किया जा सकता है लेकिन इंटरनेट का सबसे बड़ा नुकसान साइबर उल्लंघनों का जोखिम है। इसलिए एक मजबूत पासवर्ड बनाएं ताकि साइबर हमलावर उसमें सेंध लगाकर जानकारी न निकाल सकें।

**आकाश साहू तेन्दूखेड़ा**

### समस्याओं में जकड़ रहे युवा



भरत रजक कहते हैं कि इंटरनेट व सोशल मीडिया ने लोगों को सारी दुनिया से जोड़ रखा है, लेकिन हकीकत यह भी है कि यदि इसका उपयोग गलत तरीके से किया जाए तो इसके नुकसान भी हैं। मोबाइल पर लगातार इंटरनेट चलाने वाले लोग सर्वाइकल सहित मानसिक समस्याओं में भी जकड़ रहे हैं इसलिए जरूरी है कि इसका उपयोग उतना ही किया जाए जितना आपके मनोरंजन अथवा ज्ञानवर्धन के लिए जरूरी है। इससे युवाओं में आंखों के साथ अनिद्रा की परेशानी भी बढ़ रही है।

**भरत रजक तेन्दूखेड़ा**

**खबर संक्षेप**

## प्राईवेट एम्बूलेंस की जाँच की गई

**दमोह।** कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर द्वारा दिये गये निर्देशों के तहत जिले में लगातार परिवहन विभाग कार्यवाही कर रहा हैं। इसी क्रम में प्राईवेट एम्बूलेंस की जाँच की गई। परिवहन अधिकारी क्षितिज सोनी ने बताया बस स्टेंड का भ्रमण पीडब्यूडी, नगर पालिका अधिकारी तथा यातायात पुलिस के साथ संयुक्त रूप से कार्यवाही करके पेसेंजर शेड की जगह का चिन्हांकन किया गया। उन्होंने कहा पेसेंजर शेड के साथ ही पुलिस द्वारा कैंटीन का भी प्लान किया जा रहा हैं।

## सामान्य बैठक आज

**दमोह।** अपर कलेक्टर एवं उप-जिला निर्वाचन अधिकारी मीना मसराम ने बताया भारत निर्वाचन आयोग के द्वारा दिये गये निर्देशों के परिपालन में प्रत्येक माह आयोजित होने वाली सामान्य बैठक 03 जून को शाम 05 बजे आयोजित की गई हैं। उन्होंने कहा आयोजित बैठक में मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के सचिव, अध्यक्ष स्वयं उपस्थित होने अथवा किसी प्राधिकृत प्रतिनिधि/पदाधिकारी को उपस्थित होने का निर्देशित किया जाये।

## वेयरहाउस दमोह का त्रैमासिक-निरीक्षण आज

**दमोह।** अपर कलेक्टर एवं उप-जिला निर्वाचन अधिकारी मीना मसराम ने बताया भारत निर्वाचन आयोग के द्वारा दिये गये निर्देशों के परिपालन में नवीन ईव्हीएम-व्हीव्हीपीएटी वेयरहाउस दमोह का त्रैमासिक-निरीक्षण आज 03 जून को शाम 05:30 बजे कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सुधीर कुमार कोचर द्वारा किया जायेगा। अपर कलेक्टर एवं उप-जिला निर्वाचन अधिकारी मीना मसराम ने राजनैतिक दलों के सचिव, अध्यक्ष से आग्रह किया हैं वे स्वयं उपस्थित होवे अथवा किसी प्राधिकृत प्रतिनिधि/पदाधिकारी को उपस्थित होने का निर्देशित किया जाये।

## कृषि विस्तार अधिकारी मिथुन ठाकुर निलंबित

**दमोह।** उप संचालक कृषि ने जानकारी देते हुए बताया कि कृषि विस्तार अधिकारी विकासखण्ड तेंदूखेड़ा मिथुन ठाकुर सौंपे गये दायित्तवों के निर्वहन में लापरवाही बरतने के आरोप में तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया हैं। उन्होंने बताया कृषि विस्तार अधिकारी मिथुन ठाकुर का निलंबन अवधि में मुख्यालय अनुविभागीय कृषि अधिकारी दमोह निर्धारित किया गया हैं। इस दौरान उन्हें नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ते की पात्रता रहेगी।

### दमोह जबलपुर स्टेट हाईवे पर सड़क चौड़ीकरण के अभाव में हादसे का शिकार हुए ट्रक चालक

# दर्दनाक सड़क हादसाः दो ट्रकों की टक्कर में एक चालक की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिग्रामपुर

दमोह-जबलपुर स्टेट हाईवे पर रविवार-मंगलवार की रात सिग्रामपुर धबालेन (सतघटिया) जंगल में भीषण हादसा हुआ। जिसमें दो ट्रकों की आमने-सामने की टक्कर में एक ट्रक चालक की मौत हो गई। जिसकी पहचान देशराज पिता भूरा यादव 32 वर्ष के रूप में हुई है, जो छतरपुर जिले के बड़ामलहरा थाना क्षेत्र के शगुनवारी के निवासी थे।

एक ट्रक, क्रमांक RJ 11सीटी 5563 और दूसरा यूपी 71 टी 8914, आमने-सामने से टकरा गए जिसकी सूचना पर 100 डायल एवं 108 एम्बुलेंस घटनास्थल पर पहुंची और घायलों को जबेरा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लेकर पहुंचे जहां पर एक तक चालक को डॉक्टर ने चेकअप के बाद मृत घोषित कर दिया वही दूसरे गंभीर रूप से घायल





ट्रक चालक का उपचार चल रहा है

पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और आगे की कार्रवाई की जा रही है।

आलोक तिरपुढ़े सिग्रामपुर चौकी प्रभारी का कहना है कि आज सुबह सुबह धवालेन सतघटिया के जंगलों में दो ट्रैकों की आमने-सामने भिंडत की सूचना मिली थी सूचना तस्दीक की गई और घटना स्थल पर एक ट्रक चालक अवस्था में पड़ा मिला था जिसको तत्काल उपचार के लिए जबेरा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जबेरा 108 एंबुलेंस वाहन से भेजा गया जहां पर डॉ ने चेकअप के बाद मृत घोषित कर दिया मर्ग पंचनामा कार्यवाही के उपरांत शव के पीएम व आगे की कार्रवाई की जा रही है।

### जंगल में संकीर्ण सड़क के चलते क्रॉसिंग के दौरान होते हैं हादसे

रानी दुर्गावती अभ्यारण के जंगल में सड़क चौड़ी न होने के कारण क्रॉसिंग के चक्कर में आये दिन एक्सीडेंट की संभावना बनी रहती है- स्थानीय लोगों का कहना है कि सड़क चौड़ीकरण नहीं होने से इस तरह के हादसे होते रहते हैं इसके पूर्व यहां पर क्रॉसिंग के दौरान इसी तरह से सड़क हादसे हुए है लेकिन अभ्यारण क्षेत्र की वजह यहां की सड़क का चौड़ीकरण नहीं हो पा रहा है।

## पुतला दहन आज

दमोह। सर्व हिन्दू समाज एवं धार्मिक और सामाजिक संगठन द्वारा विज्ञप्ति जारी कर बताया गया कि आज 3 जून समय दोपहर ठीक 12 बजे देश और सनातन धर्म को बदनाम करने के उद्देश्य अमेरिका में एक आयोजन में देश विरोधी और देश के प्रति नकारात्मक प्रचार करने वाले भगोड़े इनामी अपराधी अजय लाल का पुतला दहन और ज्ञापन किया जाना है, मानस भवन चौराहे से कीर्ति स्तंभ चौराहे तक पैदल मार्च कर पुतला दहन और ज्ञापन दिया जाएगा।

**शिकायतों के बावजूद नहीं हो रहा सुधार कार्य वार्ड वासी परेशान**

# जबेरा के वार्ड नंबर 10 और 11 में हफ्ते भर से नहीं पहुंच रहा पानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जबेरा

हर घर पानी पहुंचाने के मिशन को लेकर जल जीवन मिशन योजना का करीब दो वर्ष पूर्व शुभारंभ किया गया था। किन्तु अकेले जबेरा में ही ऐसे वार्ड और मोहल्ले हैं जहां योजना शुभारंभ के दो साल बाद भी पानी नहीं आ रहा है और आता भी है तो बमुश्किल एक या दो डिब्बे ही भर पाते हैं। इसी तरह का मामला जबेरा के वार्ड नंबर 10 और 11 में देखने को मिल रहा है जहां करीब हफ्ते भर से पानी नहीं पहुंच रहा है। जिसकी शिकायत वार्ड वासियों द्वारा अनेकों बार किए जाने के बावजूद जब कोई सुधार कार्य नहीं हुआ तो सोमवार को दोनों वार्डो के लोग जबेरा जल निगम ऑफिस पहुंचे। जहां उन्हें ताला लटका मिला जिससे वह अपनी परेशानी भी नहीं बता पाए। वार्ड नंबर 10 और 11 के निवासी सेवा निवृत्त प्रधान अध्यापक उमेश कुमार अवस्थी, रविकांत अवस्थी, बल्लू दुबे, संजय जैन, अंकित जैन, सावित्री पाटकर, विधानसभा संयोजक अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद लक्ष्य अवस्थी, भानु पाटकर, संस्कार पाटकर, आशीष जैन, दीपक दुबे, राजेश तिवारी, अन्नू ठेकेदार, देवराज अवस्थी, सुशील पाटकर,



सोनू ठाकुर आदि ने बताया कि हम सभी जल निगम की लचर व्यवस्था से परेशान हैं हमारे यहां हफ्ते भर से पानी नहीं आ रहा है और कहीं कहीं आता भी है तो बमुश्किल एक या दो डिब्बे ही भर पाते हैं। जबकि इतनी भीषण गर्मी में प्राय सभी घरों के बोर बंद हो चुके हैं और सभी लोग जल निगम की सप्लाई पर ही निर्भर हैं। किंतु हमारे यहां हफ्ते भर से पानी की परेशानी बनी हुई है जिसकी शिकायत अनेकों बार किए जाने के बावजूद अभी तक कोई सुधार कार्य नहीं हुआ है। जिससे परेशान होकर आज हम सभी लोग जल निगम के ऑफिस आए हुए हैं लेकिन यहां भी ताला लटका हुआ है। वार्ड वासियों ने मांग करते हुए कहा है कि शीघ्र ही सुधार कार्य करते हुए हमें सुचारू रूप से पानी सप्लाई किया जाए अगर शीघ्र सुधार कार्य नहीं हुआ तो हम सभी वार्ड वासी जल निगम के खिलाफ उग्र आंदोलन करने मजबूर होंगे।

### इनका कहना है

हमारे द्वारा प्रतिदिन टंकी में पानी छोड़ा जाता है और हर जगह नियमित रूप से सप्लाई किया जाता है लेकिन अधिकांश घरों में मोटर लगाई जाती है जिससे कहीं पानी पहुंचता है तो कहीं नहीं पहुंच पाता हम पूरा प्रयास करते हैं कि सभी को नियमित रूप से बराबर पानी मिले और हम लोगों से भी आशा करते हैं कि वह अपनी जिम्मेदारी समझे और सहयोग प्रदान करें।

**योगेश जी, इंजीनियर, जल जीवन मिशन जबेरा दमोह**

## आउटसोर्स कर्मचारी वेतन न मिलने पर अनिशिचतकालीन हड़ताल पर बैठे

**तेंदूखेड़ा**।सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के आउटसोर्स सभी कर्मचारियो को 5 माह से वेतन नही मिलने के कारण अनिश्चित कालीन हडताल पर चले गए है। जिस कारण अस्पताल की अनेक कार्यो सहित एनआरसी के सभी कार्य प्रभावित होने लगे है। साथ ही आउट सोर्स कर्मचारी हड़ताल पर जाने से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र तेंदूखेड़ा का मैनेजमेंट पूरी तरह गड़बड़ा गया है। ऑनलाइन कार्य ,कुपोषण बच्चों की देखभाल एवं भोजन व्यवस्था, सफाई कार्य, हॉस्पिटल की सुरक्षा आदि कार्य प्रभावित हो रहे हैं क्योकि सभी आउटसोर्स कर्मचारी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में निम्न पदों पर पदस्थ हैं जिसमें डाटा एंट्री ऑपरेटर, वॉड बॉय, सपोर्ट स्टाफ, कुक, केयरटेकर, सफाईकर्मी एवं सुरक्षाकर्मी शामिल है। ज्ञात हो कि सभी आउटसोर्स कर्मचारी पिछले 5 माह से वेतन नही मिलने के कारण परेशान थे। जिसके संबंध में मुख्य खंड चिकित्सा अधिकारी को आवेदन दिया था जिसमें उन्होंने बताया था कि जनवरी 2025 से अब तक पांच माह का वेतन समस्त आउटसोर्स कर्मचरियो को नहीं दिया गया है ना ही अप्रैल 2024 से बड़े हुए वेतन का एरियर्स मिला हैं। यदि हमारा वेतन और अप्रेल 2024 से बड़ी हुई वेतन का एरियर्स 2 जून 2025 तक नही मिला तो हम सभी अनिश्चित कालीन हड़ताल पर बैठेंगे। आउटसोर्स कर्मचारियों ने बताया हैं कि वेतन और एरियर्स के संबंध में कलेक्टर को दिनांक 26 अप्रेल और 27 मई 2025 को आवेदन दे कर अवगत करा चुके हैं। लेकिन इस संबंध में कोई कार्यवाही नही हो रही है। आउटसोर्स कर्मचारी हताश है परेशान है कोई उनकी गुहार सुनने वाला नहीं है जहां तक की कई कर्मचारियों ने मुख्यमंत्री हेल्पलाइन नंबर 181 पर भी अपनी शिकायत दर्ज करा चुके हैं। लेकिन कोई सुनाई नहीं हो रही है। जिस कारण हताश होकर समस्त ऑउट सोर्स कर्मचारियों ने 2 जून 2025 को अहिंसा का रास्ता अपनाते हुए अनिश्चित कालीन हड़ताल पर बैठ गए है।



## कब्रिस्तान कमेटी के अवैध निर्माण और सीमांकन की मांग को लेकर सौंपा ज्ञापन



**दमोह** । 1 जून 2025 को बजरिया वार्ड 5 में घटित हुई घटना कब्रिस्तान कमेटी द्वारा लगाए गए अवैध गेट एव निर्माण के विरोध में समस्त वार्डवासियों ने एक साथ मिलकर कलेक्टर दमोह के नाम ज्ञापन सौंपा जिसमे उल्लेख किया गया के पूर्व में भी कमेटी द्वारा बाल्मीकि कालोनी के सामने गेट रखने का प्रयास किया गया था पुराने मुख्य गेट को 100 फुट आगे से बनाया गया एव अन्य अतिक्रमण की जानकारी ज्ञापन के माध्यम से प्रसाशन को दी गई एव मुख्य रूप से मांग की गई के कब्रिस्तान की जगह का कलेक्टर दमोह की निगरानी में सीमांकन किया जाए एव जगह के दस्तावेज की जांच की जाए ताकि आगे से ऐसी कोई भी घटना की पुनःरावृत्ति न हो, न ही किसी हिन्दू परिवार की निजी जमीन का कब्जे करने की कोशिश हो। कलेक्टर दमोह ने मांगो को मानते हुए शीघ्र ही कमेटी गठन एव सीमांकन की माँग पूर्ण की ज्ञापन में मुख्यरूप से श्रीमती कविता राय पार्षद बजरिया 7, हेमराज अहिरवार पार्षद बजरिया 5, पूरन राठौर, महेंद्र राठौर, ओमकार नामदेव, मनोज रैकवार, सुनील राय, रोहित बाल्मीकि, हिमालय बाल्मीकि, मनोज, गणेश मिश्रा, दीपक दुबे, चंदू पटेल, दीपेश राठौर, मनोज राठौर, भारतीय हिन्दू महासंघ जिलाध्यक्ष उदित सोनी, जागेश, प्रहलाद, हिमांशु सहित वार्ड वासियों की उपस्थिति रही।

## शिकायत के बाद झोलाछाप के क्लीनिक पर कार्यवाही



**बटियागढ़** । कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने एक शिकायत नंबर जारी किया है जिस पर एक फर्जी डाक्टर की शिकायत की गई। उसी शिकायत के आधार पर बटियागढ़ तहसीलदार योगेन्द्र चौधरी, सीबीएमओ डॉ महेश लोधी, और पुलिस बल के साथ फर्जी डाक्टर की क्लीनिक पर पहुंची। शिकायत में चादसी दवाखाना फुटेरा कलां वहीं दूसरा फर्जी डाक्टर सीएल असाटी फुटेरा कलां के नाम से शिकायत पर कार्रवाई की गई जिसमें चादसी दवाखाना के द्वारा दरवाजे नहीं खोले गए और संबंधित अधिकारी क्लीनिक के बाहर खड़े रहे। प्रारंभिक जांच में यह स्पष्ट हो गया कि चादसी दवाखाना के पास न तो कोई मान्यता प्राप्त चिकित्सा डिग्री है और न ही क्लीनिक संचालन की अनुमति से संबंधित कोई वैध दस्तावेज है। स्वास्थ्य विभाग की टीम ने फुटेरा कलां में जिन फर्जी क्लीनिकों की शिकायत हुई है उनके खिलाफ पंचनामा कार्यवाही कर अग्रिम कार्यवाही हेतू वरिष्ठ अधिकारियों को भेजा गया है। सीएचसी बटियागढ़ बीएमओ डॉ महेश लोधी ने बताया कि वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में झोलाछाप डॉक्टरों के खिलाफ अभियान लगातार जारी रहेगा।

## नवविवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत

**बटियागढ।** बटियागढ ब्लाक के हिनोती गांव में नवविवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। महिला चंदा बाई लोधी उम्र 25 वर्ष को फांसी पर लटका देख महिला के भाई ने तत्काल ही फंदे से उतारकर सिविल अस्पताल हटा भेजा जंहा डॉक्टरो ने मृत घोषित कर दिया। सोमवार सुबह दोपहर करीब 12 बजे छतरपुर जिले के बकस्वाहा से हटा सिविल अस्पताल पँहुचे। मृतिका के पिता और मायके पक्ष के लोगो ने पति और ससुराल पक्ष के लोगो पर मारपीट कर फांसी पर लटकाने के आरोप लगाए हैं। बेटी के विवाह को 4-5 साल हुए। मायके पक्ष ने दामाद पर आरोप लगाये है। संदिग्ध मामले की सूचना पर मगरोंन थाना पुलिस हटा सिविल अस्पताल पँहुची और मृतिका के परिजनो के बयान दर्ज कर पंचनामा कार्यवाही कर प्रकरण की जांच शुरू की है।

## प्रकृति से संस्कृति पर्यन्त यज्ञ ही सृष्टि की आधार शिला- श्री भगवान वेदांताचार्य



दमोह। कृति विकृति और आकृति में है इस संसार का स्वरूप क्योंकि त्रिगुणात्मक सृष्टि के क्रमिक विकास में जो सहायक है किसी भी रूप में वह यज्ञ का ही अंग है इस लिए पंच भूतों का आधार लिया जाता है जो जगत के पंच तत्त्व के लिए एक कार्य योजना बनाने में मदद करता है जहां तक सवाल है संसाधनों के निर्माण का तो उस में निहित साधन ही स्वतः स्फूर्त हो कर जागृत हो जाते है जब वैदिक वांग्मय के स्त्रोत्र, पाठ अनुष्ठान जप और तप से आवृत्त हो जाए ऐसा कथन श्री भगवान वेदांताचार्य रसिक जी ने हरिहरात्मक मृत्यंजय महायज्ञ के कही सभी को पुनः संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि 'यज्ञों वै प्राणः, यज्ञों वै विष्णुः ,यज्ञों वै रुद्रः' इन सूत्रों में विज्ञान की धारा मूर्त रूप में विद्यमान है क्यूंकि धर्म एक सजग प्रहरी है अन्य तीनों पुरुषार्थों की रक्षा करने में वह सक्षम है इसलिए सृष्टि की रक्षा करने में भी प्रथम भूमिका यज्ञ की ही है जिससे प्रकृति पुष्पित और पल्ववित होती है संसार का प्रत्येक प्राणी इस व्यवस्था के अनुसार यदि अपने आचार विचार और संस्कृति को संग्रहित कर निष्पादित करे तो वह प्रकृति के लिए सहायक सिद्ध होगा जहां दूर दूर तक कोई विकृति नहीं होगी क्योंकि विकृति ही विनाश का कारण है और सृजन ही सृष्टि इसलिए यज्ञों का संरक्षण करना परम आवश्यक है जो ईश्वरीय कृति को मूल रूप में स्थापित करने का प्रयास करें मानव सभ्यता भी सदैव तत्परता से समर्पित है इस भाव में मानवीय गुण और धर्म मूल स्वभाव के आदर्श हो सिंचित करता है जिसकी सुरक्षा और शान्ति की अवस्था में जन्म भूमि का गौरव विद्यमान है भारत के मध्य इकाई का क्षेत्र दमोह उसी पावन धरा का उद्घोषक है जिसमें अनी रूप सक्रियता परिलक्षित होते दिख रही है जो भविष्य की गर्त से विजय की उद्घोष में समाहित है इसलिए हरिहरात्मक मृत्यंजय महायज्ञ की सफलता में ब्राह्मणों के सहित वाराणसी से पधारे प्रो.महंत श्री श्रवण दास जी महाराज के भाव वैश्विक समन्वय स्थापित करने में सहायक सिद्ध हुए जिसमें महामंगल सेवा समिति द्वारा आयोजित यज्ञ सैन्य शक्ति के समर्पण में वचनवद्ध है।

## सहायक सचिव, ग्राम रोजगार सहायकों ने एक दिन का अवकाश लेकर कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा




**दमोह।** सहायक सचिव/ग्राम रोजगार सहायकों के द्वारा मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव जी तथा पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल के नाम कलेक्टर को एक दिन का अवकाश लेकर प्रदेश भर में ज्ञापन सोपा गया जिसमें सहायक सचिवों/ग्राम रोजगार सहायकों पर हो रही लगातार कार्रवाइयों से अवगत कराया केवल और केवल मध्य प्रदेश शासन के द्वारा जनहितकारी जो भी योजना बनाई जाती है उसे धरातल पर लोगों तक पहुंचने का कार्य सहायक सचिव/ग्राम रोजगार सहायको द्वारा किया जाता है और उपरांत केवल और केवल कार्यवाही रोजगार सहायक पर ही की जाती है तथा इतनी जनहितकारी योजना चल रही हैं उसके उपरांत मनरेगा के तहत वेतन कटौती की जाती है आज हमारे दमोह में फरवरी माह की 80 कर्मचारीयो की वेतन जिला मुख्य कार्यपालन अधिकारी जी के द्वारा 18000 रुपए एक माह का काट लिया गया अगर ऐसा ही होता रहा तो ग्राम रोजगार सहायक अपने परिवार का भरण पोषण कैसे कर पाएगा और सहायक सचिव/ग्राम रोजगार सहायकों से अन्य योजना का आकार करना बंद कर देना चाहिए क्योंकि जब हमारी वेतन केवल मनरेगा कार्य के लिए काट ली जाती है तो अन्य योजनाएं हम संचालित नहीं करेंगे क्योंकि अन्य योजना में भी अगर कार्य नहीं होता है तो भी दबाव बनाकर वेतन काटने की बात कही जाती है इसीलिए दमोह जिले के समस्त सहायक सचिव/ग्राम रोजगार सहायकों के द्वारा एक आवाज में ज्ञापन देकर कलेक्टर परिसर पहुंचकर श्रीमान कलेक्टर महोदय को अवगत कराया गया अगर इस उपरांत भी लगातार कार्रवाई होती हैं तो सहायक सचिव/ग्राम रोजगार सहायक आगामी समय में आंदोलन पर आमादा हो जाएगा जिसकी संपूर्ण जिम्मेदारी शासन प्रशासन की ही रहेगी आज के कार्यक्रम उपस्थित प्रदेश उपाध्यक्ष श्रीमती स्नेह लता गुप्ता जिला अध्यक्ष वीर सिंह ठाकुर जिला उपाध्यक्ष आशीष सिंह ठाकुर ब्लॉक अध्यक्ष पथरिया सुनील तिवारी ब्लॉक अध्यक्ष जबेरा राजेश सिंह लोधी ब्लॉक अध्यक्ष पटेरा रामबाबू मिश्रा ब्लॉक अध्यक्ष हटा गणेश पटेल ब्लॉक अध्यक्ष बटियागढ़ थान सिंह लोधी ब्लॉक अध्यक्ष दमोह हेमंत पटेल ब्लॉक अध्यक्ष तेंदूखेड़ा हनुमत सिंह ठाकुर नीरज पटेल गणेश राजाराम मुकेश सिंह प्रताप सिंह रमेश सिंह धर्मेंद्र यादव श्रीकांत दुर्ग सिंह विनोद युगेश सुधीर इमारत राजेश सिंह नीरज कमलेश भूपेंद्र पुष्पेंद्र केशरी सिंह राघवेंद्र केशविंद रामकुमार राकेश मनोज धनीराम राघवेंद्र मोहन आदि की उपस्थिति रही।

## दो सड़क घटनाओं में दो घायल

तेजगढ़ । सोमवार सुबह लगभग 10:30 बजे तेजगढ़ थाने अतर्गत दो अलग अलग मार्गो पर घटनाएं हुई। इन घटनाओं में मोटर साइकिल पर सवार घायल हो गये जिन्होंने प्रथमिक उपचार के बाद रिफर किया गया। पहली घटना तेजगढ़ थाने अतर्गत कंसा गौरैया नदी के पुल पर हुई यह अज्ञात वाहन मोटर साइकिल सवारों को टक्कर मारकर घायल अवस्था में छोड़ मौके से फरार हो गया। मुन्ना आदिवासी पिता कमोद और अनिल आदिवासी पिता धन्नू दोनों रिछयाऊ निवासी किसी काम से कंसा ग्राम गये थे और बापिस अपने ग्राम लोट रहे थे इनकी मोटरसाइकिल को किसी अज्ञात वाहन ने गुरैया नदी के पुल पर टक्कर मारकर घायल कर दिया वाहन तो मौक से भाग गया लेकिन घटना के बाद मुन्ना आदिवासी को घटना में गंभीर सिर में चोट आई है। इसलिए उनका प्रथमिक उपचार तेंदूखेड़ा में होने के बाद जबलपुर रिफर किया गया वही। प्राप्त जानकारी अनुसार बताया गया है कि जबलपुर में मुन्ना ने दम तोड़ दिया। अनिल आदिवासी को मामूली चोटे आई है। पुलिस जांच में कर रही है।



### महिला गिरी भेजा अस्पताल

दूसरी घटना तेजगढ़ थाने अतर्गत बीजाडोगरी के समीप हुई यह एक मोटर साइकिल ओर बुजुर्ग महिला सवार थी उसको अचानक चक्कर आ गया और वह गिर गई घटना की जानकारी लगते ही लोगों ने सूचना 108 वाहन के लिए दी घटना की जानकारी लगते ही 108 वाहन मौके पर पहुंचा उसने घायल महिलाओं को उठाकर जिला अस्पताल में भर्ती कराया जहां महिला का उपचार जारी है।

## जेसीबी मशीन से हटाया कब्जा



**तेंदूखेड़ा।** तेंदूखेड़ा रेंज के वन विभाग के अमला ने तेंदूखेड़ा वीट के आरएफ 190 हरदुआं पांजी के जंगल की जमीन पर लगभग 30 हेक्टेयर भूमि पर काबिज लगभग 20 लोगो का जेसीबी मशीन से कब्जा हटाया गया है। जिसमें तार फिनिसिंग, टपरा टपरियां को अलग किया गया है। ज्ञात हो कि वन विभाग की भूमि पर लगभग 10 सालो से लोगो के द्वारा कब्जा कर खेती की जा रही थी। इस बार भी बोनी का काम शुरू कर दिया था। जिसे रोकने के लिए वन विभाग के द्वारा कब्जा हटाने की कार्यवाही की गई है। लोगो के द्वारा कई सालो से सेकड़ो एकड वन भूमि पर कब्जा कर खेती कर रहे है। जिसे हटाने की मुहिम वन विभाग के द्वारा चलाई जा रही है। साथ ही कब्जा हटाकर पौधो का रोपण किए जाने की भी तैयारी की गई है। तेंदूखेड़ा रेंजर मेघा पटैल ने बताया कि वन विभाग के द्वारा बडे पैमाने पर जंगल की जमीनो पर हुए कब्जा को हटाने की कार्यवाही की जा रही है। जिसके चलते हरदुआं पांजी का कब्जा हटाया गया है। यहां पर भी कई सालो से लोगो के द्वारा वन विभाग की जमीन पर खेती की जा रही थी। लेकिन अब कब्जा हटाकर यहां पर पौधो का रोपण किया जाएगां। इसके अलावा वर्तमान में जंगल की जमीन पर अनेक स्थानो पर लोगो के द्वारा कब्जा किया हुआ है। उनका भी कब्जा हटाने की कार्यवाही की जाएगीं।